कुसुम

कक्षा - 7

द्वितीय भाषा - हिंदी कक्षा - 7 की पाठ्य-पुस्तक

सेमिस्टर-1

क्या...कहाँ ?

क्र.सं.	पाठ का नाम	विधा	माह	पृष्ठ सं.
	सन्नद्धता पाठ		जून	107
1.	ऐसा वर दो	कविता	जुलाई	123
2.	किसान की होशियारी	कहानी	जुलाई	136
3.	चिड़ियाघर की सैर	चित्रकथा	अगस्त	149
4.	हम नन्हें बच्चे	कविता	सितंबर	166
5.	थाथू और मैं	कहानी	सितंबर	176
6.	पत्र लेखन	पत्र	अक्तूबर	190
7.	मैं कौन हूँ ?	आत्मकथा	अक्तूबर	200

AP SCERT

राष्ट्र-गान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे!
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब, सिंध, गुजरात, मराठा,
द्राविड़, उत्कल बंग ।
विंध्य, हिमाचल, यमुना, गंगा
उच्छल जलधि-तरंग ।
तव शुभ नामे जागे ।
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा!
जन-गण-मंगलदायक जय हे!
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे! जय हे! जय हे!
जय, जय, जय, जय हे!

- रवींद्रनाथ टैगोर

वंदेमातरम्

वंदेमातरम् वंदेमातरम्
सुजलाम् सुफलाम् मलयज शीतलाम्
सस्यश्यामलाम् मातरम् वंदेमातरम्
शुभ्रज्योत्सना पुलकित यामिनी
पुल्लकुसुमिता द्रुमदल शोभिनी
सुहासिनी सुमधुर भाषिणी
सुखदाम् वरदाम् मातरम्
वंदेमातरम्

- बंकिमचंद्र चटर्जी

सारे जहाँ से अच्छा

सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा ।
हम बुलबुले हैं इसकी, यह गुलसिताँ हमारा ।।
परबत वो सबसे ऊँचा, हमसाया आसमाँ का ।
वो संतरी हमारा, वो पासबाँ हमारा ।।
गोदी में खेलती हैं, जिसकी हज़ारों नदियाँ ।
गुलशन है जिनके दम से, रश्क-ए-जिनाँ हमारा ।।
मज़हब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना ।
हिंदी हैं हम वतन हैं, हिंदोस्ताँ हमारा ।।

- मोहम्मद इक़बाल

प्रतिज्ञा

भारत मेरा देश है और समस्त भारतीय मेरे भाई-बहन हैं । मैं अपने देश से प्रेम करता हूँ और इससे प्राप्त विशाल एवं विविध ज्ञान-भंडार पर मुझे गर्व है । मैं सर्वदा इस देश एवं इसके ज्ञान-भंडार के अनुरूप बनने का प्रयास करूँगा । मैं अपने माता-पिता और अध्यापकों तथा समस्त गुरुजनों का आदर करूँगा और प्रत्येक व्यक्ति के प्रति नम्रतापूर्वक व्यवहार करूँगा मैं जीव-जंतुओं से भी प्रेमपूर्वक व्यवहार करूँगा । मैं अपने देश और उसकी जनता के प्रति अपनी भक्ति की शपथ लेता हूँ । उनके मंगल एवं समृद्धि में ही मेरा सुख निहित है ।

- पैडिमर्रि वेंकटसुब्बाराव

AP SCERT

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक समग्र लचीली और विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा प्रणाली की परिकल्पना करती है । यह क्षमता - आधारित अधिगम(Competency - based learning) और अनुभवात्मक दृष्टिकोण पर जोर देती है, जिससे शिक्षा अर्थपूर्ण और रोचक बनती है । NEP 2020 में 21 वीं सदी के कौशलों जैसे आलोचनात्मक सोच (Critical Thinking), सृजनात्मकता (Creativity), संप्रेषण कौशल (Communication Skill) और समस्या समाधान कौशल (Problem Solving Skill) के महत्व को प्रमुख रूप से रेखांकित किया गया है ।

यह वास्तविक जीवन से जुड़े अधिगम, नवाचार और प्रौद्योगिकी - सक्षम शिक्षण पद्धतियों के समन्वय को प्रोत्साहित करती है । कुल मिलाकर, यह नीति एक ऐसी समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली के निर्माण का लक्ष्य रखती है, जो तेज़ी से बदलती दुनिया में प्रत्येक शिक्षार्थी को सफल होने के लिए सशक्त बनाती है ।

एक पाठ्यक्रम केवल विषयों की सूची या पाठों की सूची या पाठों की समय-सारणी नहीं है, यह शैक्षिक प्रक्रिया की धड़कन है । यह परिभाषित करता है कि शिक्षार्थी क्या सीखते हैं, कैसे सीखते हैं और क्यों सीखते हैं ? एक सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम शिक्षा के दृष्टिकोण और कक्षा के अनुभवों के बीच एक सेतु का कार्य करता है, जो शिक्षकों और छात्रों को खोज, विकास और परिवर्तन की यात्रा पर मार्गदर्शन करता है ।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF) 2023 के अनुसार, पाठ्यक्रम समावेशी, लचीला और कौशल-आधारित होना चाहिए । इसे न केवल संज्ञानात्मक क्षमताओं बल्कि रचनात्मकता, सहयोग, आलोचनात्मक चिंतन और करूणा को भी पोषित करना चाहिए । वह बदलाव रटंत प्रणाली से अर्थ-निर्माण, एकरूपता से विकल्प और अलग-अलग विषयवस्तु से अंतः विषय संबंधों की ओर है ।

एक गतिशील पाठ्यक्रम स्थानीय ज्ञान को वैश्विक जागरूकता, परंपराओं को नवाचार और कठोरता को आनंद के साथ जोड़ता है । यह शिक्षार्थियों को एक तेज़ी से बदलती दुनिया में जिज्ञासु प्रश्नकर्ता, नैतिक नागरिक और आजीवन शिक्षार्थी बनने के लिए सशक्त बनाता है ।

अंततः पाठ्यक्रम केवल वह नहीं है जो हम पढ़ाते हैं - यह वह है जिसे हम मूल्यवान समझते हैं, जिसे हम प्राथमिकता देते हैं और जिसकी हम अपने बच्चों के भविष्य के लिए कल्पना करते हैं ।

AP SCERT

कक्षा - 7

हिंदी भाषा के लिए पाठ्यक्रम लक्ष्य

(राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा - 2023 और 21वीं सदी के कौशलों के अनुरूप)

सामान्य उद्देश्य :-

- शैक्षिक, सामाजिक और व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए हिंदी में प्रवीणता विकसित करना।
- शिक्षार्थियों को स्पष्ट से संवाद करने, आलोचनात्मक रूप से सोचने और दुनिया से सार्थक जुडाव के लिए सक्षम बनाना।
- साहित्य, भाषाविविधता और बहुभाषिकता के प्रति रुचि और लगाव विकसित करना।

★ **लक्ष्य : हिंदी भाषा के व्यवहारिक पक्ष की जानकारी प्राप्त कर सकें।**

1. सुनना और बोलना :- (CG-1)★

- वार्तालाप, कहानी सुनाना, भूमिका संचालन, समूह चर्चा में भाग लेना।
- विभिन्न प्रकार की बोली जानेवाली सामग्री को ध्यान से सुनना और उचित प्रतिक्रिया देना।

★ **लक्ष्य :- विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ अपने विचार व्यक्त कर सकें।**

2. समझ के साथ पढ़ना :- (CG-2)★

- स्तर के अनुसार - उपयुक्त कहानियाँ, कविताएँ और सूचनात्मक पाठ पढ़ना।
- मुख्य विचारों, क्रम और पात्रों की पहचान करना और सरल अनुमान लगाना।

★ **लक्ष्य :- विद्यार्थी पढ़े हुए विषय को समझे और उसका विश्लेषण कर सकें।**

3. अभिव्यक्ति के लिए लेखन :- (CG-3)★

- छोटे अनुच्छेद, विवरण पत्र, डायरी, प्रविष्टियाँ और कथाएँ लिखना।
- सामग्री को तार्किक रूप से व्यवस्थित करना, उचित व्याकरण और विराम चिह्नों का उपयोग करना।

★ **लक्ष्य :- विद्यार्थी अपने विचारों और भावनाओं को सृजनात्मक रूप से लिख सकें।**

Note : CG - Curriculum Goals

AP SCERT

सन्नद्धता पाठ

कक्षा-7

Readiness

K7F6L9



© RSCERT

दिन 1

होली



होली है, भई होली है, रंगों की रंगोली है ।
आओ मिलकर साथ चलें,
सबको जाकर गले मिलें ।
मस्तानों की टोली है,
गली-गली में होली है ।
होली है, भई होली है, रंगों की रंगोली है।
मुनिया देखो दौड़ रही है,
गुब्बारे वह फोड़ रही है ।
हुर्रे, हुर्रे मच गया शोर,
रंग-ही-रंग हैं चारों ओर ।
होली है, भई होली है, रंगों की रंगोली है ।


APSCERT

शब्द पठन :-

1. कनक	2. आनन	3. मकान
4. तितली	5. बकरी	6. दुकान
7. मयूर	8. ऋषि	9. एक
10. शेर	11. तोता	12. मोती
13. जौहर	14. अंगूर	15. प्रातः

दिन 2

वर्णमालाः रिक्त स्थान भरिए



रिक्त स्थान भरिए :-



डिब्बे में से सही वर्ण चुनकर सार्थक शब्द लिखिए ।

ड़	र	त	म	न	ख	ज	इ	च	न

1. क ..न... क
2. ..... कान
3. ति ..... ली
4. मयू .....
5. पे .....
6. ..... प्पल
7. ..... मली
8. सूर .....
9. ओ ..... ली
10. आन .....

APSCERT

दिन 3

अ) बारहखड़ी लिखिए ।

-	ा	ि	ी	ु	ू	ृ	े	ै	ो	ौ	ं	ः
क	का	कि	की	कु	कू	कृ	के	कै	को	कौ	कं	कः
ग												
ज												
ट												
ड												
त												
द												
न												
प												
य												

AP SCERT

आ) चित्र से संबंधित मात्रा चिह्न डिब्बे में लिखिए ।

				
चरखा	सूरज	ओखली	मृग	नैनन
ा				

इ) दिए गए शब्दों को मात्रा चिह्नों के अनुसार तालिका में लिखिए ।

सिर, मुख, बंदर, कुल, शंख, रेल, तिलक, होटल, दिन,
जोकर, मोर, देश, शेर, दंग, सेब, मोटर, खुम, विष,
शोर, दिल, कुमुद, पंख, सुमन, रंग, केश

इ (ि) की मात्रा वाले शब्द	उ (ु) की मात्रा वाले शब्द	ए (े) की मात्रा वाले शब्द	ओ (ो) की मात्रा वाले शब्द	अं (ं)की मात्रा वाले शब्द

AP SCERT

दिन 4

अ) उदाहरण के अनुसार मात्राएँ जोड़कर शब्द लिखिए ।

1. कल	ी	उदा :- काल
2. मन	ं	.....
3. चत्र	ा	.....
4. सब	्	.....
5. रग	ि	.....

आ) वर्ण और मात्राओं को मिलाकर शब्द लिखिए ।

म + ु + र + ल + ी = मुरली

क + ु + म + ु + द = ...

ि + त + त + ल + ी = ...

प + स + ी + न + ा = ...

द + ु + क + ा + न = ...

इ) वर्ग पहेली

प	का	र	ब
सी	पी	प	ल
ना	री	ता	स्सी
नी	अं	ला	ज
र	जं	ब	र

1. पसीना
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....

ARSCERT

दिन 5

चुन्नु - मुन्नु

चुन्नु - मुन्नु थे दो भाई,
रसगुल्ले पर हुई लड़ाई,
चुन्नु बोला मैं खाऊँगा,
मुन्नु बोला मैं खाऊँगा,
झगड़ा सुनकर मम्मी आई,
दोनों को एक चपत लगाई....
कभी न लड़ना - नहीं झगड़ना,
आपस में तुम मिलकर रहना।



द्वित्वाक्षर शब्द :-

1. पक्का	2. सच्चा	3. हिम्मत
4. पत्ता	5. बच्चा	6. रस्सी
7. चम्मच	8. लड्डू	9. गन्ना
10. गुब्बारा	11. लट्टू	12. गिल्लू
13. अन्न	14. चप्पल	15. गद्दी
16. लज्जा	17. अड्डा	18. अम्मा
19. कव्वाली	20. कद्दू	

APSCERT

दिन 6

अ) पढ़िए - समझिए :-

क्	+	क	= क्क
च्	+	च	= च्च
ड्	+	ड	= ड्ड
न्	+	न	= न्न
य्	+	य	= य्य

ग्	+	ग	= ग्ग
ज्	+	ज	= ज्ज
ट्	+	ट	= ट्ट
व्	+	व	= व्व
ह्	+	ह	= ह्ह

आ) द्वित्वाक्षर शब्द :-




1. पक्का
2. पट्टा
3. भैय्या
4. तल्लीन
5. थप्पड़
6. शय्या
7. गिल्ली
8. धक्का
9. झल्लाहट
10. चप्पल
11. उप्पा
12. चक्की
13. मिट्टी
14. छुट्टी
15. नय्या

क्क	ट्ट	प्प	य्य	ल्ल

AP SCERT

इ) चित्र से संबंधित द्वित्वाक्षर शब्द लिखिए ।



1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....

ई) शब्द पढ़कर सूचना के अनुसार तालिका में लिखिए ।

गगन	पानी	गुब्बारा	बेर	शक्कर
दिग्गज	नमक	गोदावरी	सड़क	रस्सी
फल	टोकरी	बिल्ली	सेब	मन

बिना मात्रा वाले शब्द	मात्रा वाले शब्द	द्वित्वाक्षर शब्द

AP SCERT

दिन 7

आम

स्वाद में खट्टा मीठा आम,

होते इसके अच्छे दाम ।

हर कोई देख इसे ललचाए,

बिना खाए फिर रह न पाए ।

गर्मी के मौसम में आता,

फलों का राजा कहलाता ।।



संयुक्ताक्षर शब्द :

1. प्यारी	2. श्रम	3. दोस्त	4. प्रश्न
5. समुद्र	6. पक्षी	7. यज्ञ	8. मित्र
9. प्यास	10. वाक्य	11. न्यारी	12. पुष्प
13. रक्षा	14. पश्चिम	15. हस्त	16. पत्र
17. चित्र	18. तस्वीर	19. कल्पना	20. दक्षिण

APSCERT

दिन 8

अ) संयुक्ताक्षर बनाइए :-

उदा : क् + ष = ...क्ष.....

1. ज् + ञ = ...

2. ग् + व = ...

3. द् + य = ...

4. त् + र = ...

5. श् + र = ...



आ) त, ब, द, म और ल से संबंधित संयुक्ताक्षर अलग करके लिखिए ।

त्वचा, ब्याह, म्यान, अल्मोडा, पद्य, ब्लाक, आत्मा, कल्पना, म्याव, द्वार, दम्भ, उल्टा, उत्पन्न, शब्द, गद्य, अल्प, बब्ली, विद्या, सम्बोधन, उत्साह, तद्भव, सुल्तान, सब्जी, त्वरित, रम्या

त	ब	द	म	ल

AP SCERT

इ) चित्र से मिलान कीजिए ।

	कुत्ता
	पक्षी
	यज्ञ
	सब्जी
	क्षत्रिय

ई) सूचना के अनुसार लिखिए ।

कमल, बच्चा, बादल, मगर, पत्ते, फल, हरा, एक, शब्द, हाथी, म्यान, नरम, अल्मोडा, सरल, बकरी, कुत्ता, गुब्बारा, त्वचा, हल्वा, उत्साह, चप्पल, मछली, चम्मच, कोयल

बिना मात्रा वाले शब्द	मात्रा वाले शब्द	द्वित्वाक्षर वाले शब्द	संयुक्ताक्षर वाले शब्द

AP SCERT

दिन 9

अ) वर्णमाला लिखिए ।

आ) दिए गये शब्दों को मात्रा मिलाकर बारहखड़ी लिखिए ।

	ा	ि	ी	ु	ू	ृ	े	ै	ो	ौ	ं	ः
त	ता	ति	ती	तु	तू	तृ	ते	तै	तो	तौ	तं	तः
र						✕						
भ												
ग												
ज												

AP SCERT


इ) द्‌वित्वाक्षर शब्द लिखिए ।

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....

ई) संयुक्ताक्षर शब्द लिखिए ।

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....

उ) चित्र से संबंधित संयुक्ताक्षर शब्द लिखिए ।



1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....

APSCERT

दिन 10

तितली



नीली-सी तितली आई,
फूलों पर मंडराई ।
पत्ते - पत्ते पर बैठकर,
धीरे - से मुस्काई ।
बच्चा बोला - 'द्वार खुला है'
अंदर आजा प्यारी ।
नीली - सी तितली आई,
फूलों पर मंडराई ।

पढ़िए :-

1. पवन	2. तितली	3. पत्ता
4. न्यारी	5. नमन	6. द्वार
7. मुस्काई	8. फूल	9. बच्चा
10. जन्म दिवस	11. पौधा	12. सब
13. अनार	14. गुब्बारा	15. स्वागत
16. अमन	17. नाना	18. चिड़िया
19. अमर	20. कोयल	

AP SCERT


सेमिस्टर
1
1. ऐसा वर दो
2.किसान की होशियारी
3.चिड़ियाघर की सैर
4.हम नन्हें बच्चे
5. थाथू और मैं
6. पत्र लेखन
7.मैं कौन हूँ?

© NCERT


I4M3R6

ऐसा वर दो

- त्रिलोक सिंह ठकुरेला

1

सोचिए-बोलिए



बातचीत के लिए :-

1) चित्रों में कौन - कौन हैं ?
2) चित्रों में बच्चे क्या कर रहे हैं ?
3) बड़ों का आदर क्यों करना चाहिए ?

सीखने की संप्राप्तियाँ :-

1) बच्चे अपने जीवन में सत्य,सेवा परायणता, सहानुभूति जैसे सद्‌गुणों को अपनाने की प्रेरणा पा सकेंगे । (CG-1)
2) प्रेम, परोपकार, दया, सहकारिता आदि नैतिक मूल्यों को ग्रहण कर सकेंगे । (CG-1)
3) गीत को उचित लय से गा सकेंगे ।(CG-1)
4) गीत में आये नये शब्द पढ़ सकेंगे ।(CG-2)
5) संज्ञा शब्दों को पहचानकर लिख सकेंगे ।(CG-3)

APSCERT

ऐसा वर दो

भगवन हमको ऐसा वर दो,
जग के सारे सद्‌गुण भर दो ।

हम फूलों जैसे मुस्काएँ,
सब पर प्रेम - सुगंध लुटाएँ
हम परहित कर खुशी मनाएँ,
ऐसे भाव हृदय में भर दो,
भगवन हमको ऐसा वर दो ।**कक्षा - ७ हिंदी - कुसुम१२४ऐसा वर**





सत्य - मार्ग पर बढ़ते जाएँ,
सबको ही सन्मार्ग दिखाएँ,
सब मिलकर जीवन फल पाएँ,
ऐसे ज्ञान, बुद्‌धि भर दो,
भगवन हमको ऐसा वर दो ।

1) बच्चे कब खुशी मनाते हैं ?
2) बच्चे किस मार्ग पर बढ़ना चाहते हैं ?

कवि परिचय



कवि : त्रिलोक सिंह ठकुरेला
जन्म : सन् अक्तूबर 1966 ई.
जन्मस्थान : नगला मिश्रिया, हाथरस, उत्तर प्रदेश
रचनाएँ : नया सवेरा, काव्यगंधा आदि ।

© NCERT

शब्दार्थ :-

वर	=	आशीर्वाद	=	Blessing	=	వరము
सद्‌गुण	=	अच्छा गुण	=	Virtue	=	మంచి గుణము
मुस्कुराना	=	हँसना	=	Smile	=	చిరునవ్వు
प्रेम	=	प्यार	=	Love	=	ప్రేమ
हृदय	=	दिल	=	Heart	=	హృదయం
सन्मार्ग	=	सत्य मार्ग	=	Virtuous path	=	మంచి మార్గం

श्रुतलेख :-

भगवन	सद्‌गुण	फूल	मुस्काएँ	सन्मार्ग
सत्य-मार्ग	बुद्धि	ज्ञान	हृदय	सुगंध

सारांश

'ऐसा वर दो' कविता के कवि श्री त्रिलोक सिंह ठकुरेला हैं। इस कविता में बच्चे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि - हे भगवान! हमें सारे सद्‌गुण प्रदान कीजिए। ताकि जीवन में प्रेम, दया और स्नेहभाव दिखा सके। फूलों की तरह मुस्कुरा सकें। सब से प्यार कर सकें। दूसरों की भलाई कर सकें। सत्य मार्ग पर चल सकें। अच्छाई का रास्ता अपना सकें। इस तरह हमें ज्ञान और बुद्धि का वर प्रदान कीजिए।

सुनिए - बोलिए :-



1) कविता में बच्चे क्या कर रहे हैं ?

2) हमें सत्यमार्ग पर क्यों बढ़ना चाहिए ?

3) बच्चे भगवान से कैसे वर माँगते हैं ?

AP SCERT


पढ़िए :-

अ) कविता के आधार पर सही वाक्य पर नक्षत्र (★) लगाइए ।

1) भगवन हम को ऐसा वर दो (★)
2) सब पर द्वेष लुटाएँ । ( )
3) हम परहित कर दुख मनाएँ । ( )
4) असत्य - मार्ग पर बढ़ते जाएँ । ( )
5) सबको ही सन्मार्ग दिखाएँ । ( )

आ) कविता के आधार पर रिक्त स्थान भरिए ।

1) जग के सारे ..... भर दो ।
2) सब पर प्रेम ..... लुटाएँ ।
3) ऐसे भाव ..... में भर दो ।
4) सब मिलकर ..... फल पाएँ ।
5) ऐसे ज्ञान ..... भर दो ।



इ) 'स' वर्ण और उ '-ु' मात्रा से प्रारंभ होनेवाले शब्दों को कविता से खोजकर लिखिए।

'स' से शुरू होनेवाले शब्द	'उ-ु' से शुरू होनेवाले शब्द
उदा :- सब	उदा :- सुगंध
1.	1. .....
2.	2. .....
3.	3. .....
4.	4. .....
5.	5. .....

AP SCERT

ई) समान उच्चारण वाले शब्द पर (✓) चिह्न लगाइए ।

1) मित्र	-	इतर	( )	चित्र	(✓)	कार्य	( )
2) वर	-	भर	( )	बन	( )	घन	( )
3) फूल	-	ढाल	( )	शूल	( )	भार	( )
4) भाव	-	भाषा	( )	भला	( )	घाव	( )
5) बढ़	-	पढ़	( )	लग	( )	सक	( )

उ) अपठित गद्यांश पढ़कर विकल्पों में से सही उत्तर पर कोष्ठक में लिखिए ।

ध्रुव, महाराज उत्तानपाद के पुत्र थे । देवर्षि नारद के मार्ग दर्शन में, उन्होंने छः महीने तक कठोर तपस्या की । इससे भगवान विष्णु ने प्रसन्न होकर, अपने दर्शन दिए। ध्रुव को आकाश में तारा बनने का उच्चतम वर प्रदान किया, जो आज भी ध्रुव तारे के रूप में चमकता है ।

प्रश्न :-

1) ध्रुव के पिता कौन थे ? ( )

A) महाराज उत्तानपाद B) महाराज अशोक
C) महाराज जनक D) महाराजा

2) ध्रुव को किनका मार्ग दर्शन मिला ? ( )

A) इंद्र का B) चंद्र का
C) नारद का D) शेष का

3) ध्रुव ने कितने महीने तपस्या की ? ( )

A) छः B) चार
C) पाँच D) दस

4) तपस्या से ध्रुव को क्या मिला ? ( )

A) भगवान से वर B) हाथी
C) भालू D) दंड

5) ध्रुव को कौन-सा वर मिला ? ( )

A) तारा बनने का B) साधु बनने का
C) राजा बनने का D) सेनापति बनने का

AP SCERT

ऊ) पाठ के आधार पर दिए गए वाक्यों को सही क्रम दीजिए।

1) ऐसे ज्ञान, बुद्धि से भर दो ( )
2) भगवन हमको ऐसा वर दो ( )
3) सत्य मार्ग पर बढ़ते जाएँ (1)
4) सब मिलकर जीवन फल पाएँ ( )
5) सबको ही सन्मार्ग दिखाएँ ( )

लिखिए :-



अ) दिए गए प्रश्नों के उत्तर तीन - चार वाक्यों में लिखिए ।

1) सद्‌गुण किसे कहते हैं ?
2) हमें किस मार्ग पर चलना चाहिए ? क्यों ?
3) बच्चे अपने मन में कैसे भाव भर लेना चाहते हैं ?
4) कवि त्रिलोक सिंह ठकुरेला के बारे में लिखिए ।
5) इस कविता से आपको क्या संदेश मिलता है ?

आ) 'ऐसा वर दो ' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

भाषांश :-




अ) चित्रों के सामने नाम दिए गए हैं, उनमें दो सही हैं, उन पर गोला (○) लगाइए।

1)		संसार	दुनिया	सागर
2)		कुसुम	उपज	सुमन
3)		मुस्कुराना	पेट	हँसना
4)		हाथ	शरीर	काया
5)		रास्ता	काला	पथ

AP SCERT

आ) अंत्याक्षरी :-



1) परहित	-	तबला	-	लाज	-	जल
2) वर	-	.....	-	.....	-	.....
3) फल	-	.....	-	.....	-	.....
4) भाव	-	.....	-	.....	-	.....
5) सुगंध	-	.....	-	.....	-	.....

इ) सही विलोम शब्द से रिक्त स्थान भरिए ।

1) सद्‌गुण × दुर्गुण (दुर्गुण / गुणवान / गुणशाली)

2) खुशी × ..... (आनंद / ग़म / उल्लास)

3) वर × ..... (उत्तम / श्रेष्ठ / शाप)

4) सत्य × ..... (सच / असत्य / सही)

5) ज्ञान × ..... (अज्ञान / बुद्धि / विवेक)

ई) बेमेल शब्द पर गोला "○" लगाइए ।

1) पत्ता	फूल	फल	(पहाड़)
2) जड़	तना	पेट	डाली
3) प्रेम	प्यार	स्नेह	द्वेष
4) अधर्म	सत्य	सहानुभूति	दया
5) खुशी	दुःख	आनंद	हर्ष

AP SCERT

उ) वर्ण विच्छेद कीजिए ।

1) परहित -	प्	अ	र्	अ	ह्	इ	त्	अ
2) सद्‌गुण -								
3) मुस्कान -								
4) भगवन -								
5) हृदय -								

ऊ) डिब्बों को सार्थक शब्दों से पूर्ति कीजिए ।

×	स	×
स	ब	ल
×	को	×

×	ह	×
ह		को
×	से	×

सृजनात्मकता :-



देखो, समझो और बनाओ :-

सामग्री - कोरा कागज़, स्केच पेन और प्राकृतिक रंग ।

कृति -

1) एक कोरा कागज़ लो ।



2) अंगूठे को रंग लगाओ ।



AP SCERT

3) रंग लगे अंगूठे से कोरे कागज़ पर अंतर रखकर छाप लगाओ । छाप लगाने के बाद स्केच पेन से मनुष्य की आँख, कान, नाक, मुँह बनाकर सिर पर बाल बनाओ।



4) चेहरे पर विविध भाव जैसे खुशी, रूठना, रोना, बुढ़ापा और बचपन दिखाओ ।



परियोजना कार्य :-



आप भगवान से कौन - कौन से वर माँगते हैं ? इसकी एक सूची बनाइए।

अनुवाद :- मातृभाषा में अनुवाद कीजिए ।

पेड़

1) पेड़ों से हमें फूल-फल मिलते हैं । .....

2) पेड़ों से हमें छाया मिलती है । .....

3) पेड़ हमें शुद्ध हवा देते हैं । .....

4) पेड़ धरती की शोभा बढ़ाते हैं । .....


5) हमें पेड़ों की रक्षा करनी चाहिए । .....

© SCERT


व्याकरणांश :-




भगतसिंह


पुस्तक


हिमालय


मयूर


फल

उपर्युक्त चित्रों में भगतसिंह, पुस्तक, हिमालय, मयूर, फल आदि नाम को सूचित करते हैं। ऐसे शब्द **''संज्ञा''** कहलाते हैं ।

उदा :- तुलसी, राम, मेज़, कलम, विजयवाड़ा, विनय, क्रोध, सेना आदि ।

अन्य उदाहरण :-


फल


घर



गंगा


किसान


तोता


लड्डू


अमेरिका


गाड़ी

अ) दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित करके लिखिए ।

1) भगवन, हम को ऐसा वर दो । जः .....

2) फूल खिलते हैं । जः .....

3) ऐसे भाव हृदय में भर दो । जः .....

4) ऐसा ज्ञान बुद्धि से भर दो । जः .....

5) परहित में ही हमारी खुशी है । जः .....


APSCERT

आ) आपकी कक्षा के सोमवार के दिन की समय सारिणी लिखिए ।

क्र.सं.	सोमवार	विषय
1)	पहला कालांश	.....
2)	दूसरा कालांश	.....
3)	तीसरा कालांश	.....
4)	.....	.....
5)	.....	.....
6)	.....	.....
7)	.....	.....
8)	.....	.....



वाह ! क्या बात है?



आधुनिक ''सेफ्टी पिन'' का आविष्कार अमेरिकी मैकेनिक 'वाल्टर हंट' ने 1849 में किया था। उन्होंने 10 अप्रैल, 1849 को अपने डिजाइन का पेटेंट कराया था और फिर पेटेंट के अधिकार 400 डालर में बेच दिए। अब तक इसका रूप ऐसा ही है ।

© APSCERT



चित्र और बातचीत

रेल्वे स्टेशन

छात्रों को रेल्वे स्टेशन और परिवहन के प्रकारों के बारे में जानकारी दीजिए।



1
10:30

किसान की होशियारी

2

Z4R1S2

सोचिए-बोलिए



बातचीत के लिए :-

1) चित्र में क्या - क्या दिखाई दे रहा है ?
2) चित्र में कितने जानवर हैं ?
3) चित्र में कौन से पेड़-पौधे हैं ?

सीखने की संप्राप्तियाँ :-

1) फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे । (CG-1)
2) कहानी में प्रयुक्त नये शब्दों के आधार पर वाक्य लिख सकेंगे ।(CG-3)
3) सूझ और बुद्धिमानी से समस्या का हल ढूँढने की कुशलता प्राप्त करेंगे ।(CG-1)
4) लालच और जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से होने वाले परिणामों के बारे में जान सकेंगे । (CG-2)
5) सर्वनाम के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे । (CG-2)

APSCERT


किसान की होशियारी

एक किसान अपना खेत जोत रहा था। अचानक कहीं से एक भालू आ गया । भालू किसान को मारने झपटा । किसान ने कहा, 'मुझे क्यों मारते हो ? उपज होने दो, जो कहोगे, वही खिलाऊँगा ।'

भालू ने कहा, 'भूमि के ऊपर की उपज मेरी और नीचे की तुम्हारी रहेगी।'



किसान ने आलू बो दिए । उपज हुई तो भालू को पत्ते खाने को मिले । भालू चिढ़कर रह गया ।



1) किसान क्या कर रहा था ?

APSCERT

अगली बार भालू ने कहा, 'देखो इस बार भूमि के नीचे की उपज मेरी और ऊपर की तुम्हारी।'

इस बार किसान ने गेहूँ बो दिया । जब उपज हुई तो किसान को मिले चमकीले गेहूँ। भालू को मिलीं केवल जड़ें । भालू खीझकर रह गया ।



2) दूसरी बार भालू को क्या मिला?

इस बार भालू किसान को पाठ पढ़ाने की सोची । उसने किसान से कहा, 'भूमि के सबसे ऊपर और भूमि के नीचे की उपज मेरी ।' किसान मान गया ।



इस बार किसान ने लगाया गन्ना । जब उपज हुई तो भालू को मिले पत्ते और जड़ें। भालू का सिर चकरा गया ।

3) तीसरी बार किसान ने क्या किया ?

© NCERT

शब्दार्थ :-

झपटना	=	आक्रमण	=	Attack	=	దాడి చేయుట
उपज	=	फसल	=	Crop	=	పంట
बोना	=	बीज डालना	=	To sow seeds	=	విత్తనం నాటుట
चमकीले	=	उज्वल	=	Bright	=	ప్రకాశవంతమైన
जड़ें	=	मूल	=	Roots	=	వేర్లు
चकरा गया	=	घबरा गया	=	Got confused	=	అయోమయం
चालाकी	=	चतुराई	=	Cleverness	=	చాతుర్యం
गेहूँ	=	गोधूम	=	Wheat	=	గోధుమ
पाठ पढ़ाना	=	सबक सिखाना	=	To teach a lesson	=	పాఠం నేర్పడం / గుణపాఠం

श्रुतलेख :- चमकीला, किसान, झपटना, चिढ़ना, तुम्हारी, खीझना, गन्ना, चालाकी, पढ़ाना, गेहूँ

सारांश

एक किसान अपना खेत जोत रहा था। तभी एक भालू आया और किसान को मारने झपटा। किसान डरने के बजाय समझदारी दिखाई। उसने कहा कि फसल उगने दो, जो कहोगे वही खिलाऊँगा ।पहली बार भालू ने भूमि के ऊपर की उपज अपने लिए माँगी। किसान ने आलू बो दिए। भालू को खाने के लिए सिर्फ पत्ते मिले। दूसरी बार भालू ने अपने लिए भूमि के नीचे की उपज माँगी। किसान ने गेहूँ बो दिए। भालू को फिर निराश होना पड़ा। तीसरी बार भालू ने भूमि के सबसे ऊपर और भूमि के नीचे की उपज अपने लिए माँगी। किसान ने इस बार गन्ना लगाया। भालू को मिले पत्ते और जड़ें। भालू का सिर चकरा गया।

सुनिए - बोलिए :-



1) किसान ने पहली बार क्या बोया ?
2) तीसरी बार भालू ने किसान से क्या कहा ?
3) भालू हर बार क्यों हार गया ?

APSCERT

पढ़िए :-



अ) पाठ के आधार पर सही वाक्य पर सही का चिह्न " ✓" लगाइए ।

1) किसान अपना खेत जोत रहा था ।	(✓)
2) किसान भालू को मारने झपटा ।	( )
3) किसान ने पहली बार गन्ना बो दिया ।	( )
4) दूसरी बार किसान ने गेहूँ बो दिया ।	( )
5) भालू का सिर चकरा गया ।	( )

आ) कहानी के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1) अचानक कहीं से एक ..... आ गया ।
2) उपज होने दो, जो कहोगे, वही ..... ।
3) किसान ने आलू बो दिए । उपज हुई तो भालू को ..... खाने को मिले।
4) जब उपज हुई तो ..... को मिले चमकीले गेहूँ ।
5) इस बार भालू किसान को ..... पढ़ाने की सोची ।

इ) 'ऊ - ू ' मात्रावाले और 'ई - ी' मात्रावाले शब्दों को पाठ से खोजकर लिखिए।

ऊ - ू मात्रावाले शब्द	ई - ी मात्रावाले शब्द
उदा :- आलू	**उदा :-** मेरी
1.	1. .....
2.	2. .....
3.	3. .....
4.	4. .....
5.	5. .....

ई) समान उच्चारण वाले शब्दों पर सही का चिह्न (✓) लगाइए ।

1) भालू	-	भूमि	( )	आलू	(✓)	भाई	( )
2) बोया	-	पाया	( )	सोया	( )	भाई	( )
3) खेत	-	पत्ते	( )	मेरा	( )	रेत	( )
4) गन्ना	-	पन्ना	( )	जडें	( )	नीचे	( )
5) पूरी	-	मेरी	( )	दूरी	( )	ऊपर	( )

AP SCERT

उ) पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

सुबह - सवेरे सूरज निकला,
किसान हल लेकर निकला ।
खेतों में उसने बीज गिराए,
सपने छोटे - छोटे बो आए ।
मेहनत का वो जादू देखो,
फसल हँसकर लहराए ।



प्रश्न :-

1) सूरज कब निकला ? ( )

A) रात में B) सुबह को C) शाम को D) दोपहर को

2) किसान क्या लेकर निकला ? ( )

A) हल B) पानी C) बादल D) चावल

3) किसान ने खेत में क्या बोया ? ( )

A) पत्ते B) फूल C) बीज D) फल

4) किसका जादू देखें ? ( )

A) मेहनत का B) बादल का C) सूरज का D) तारे का

5) फसल कैसे लहरा रही है ? ( )

A) मुरझा कर B) रोकर

C) हँसकर D) देखकर

ऊ) पाठ के आधार पर दिए गए वाक्यों का सही क्रम दीजिए।

1) उपज हुई तो भालू को पत्ते खाने को मिले । ( )
2) इस बार किसान ने लगाया गन्ना । ( )
3) भालू किसान को मारने झपटा । (1)
4) भूमि के सबसे ऊपर और भूमि के नीचे की उपज मेरी । ( )
5) अगली बार भालू ने कहा, 'देखो इस बार भूमि के नीचे की उपज मेरी और ऊपर की तुम्हारी । ( )

AP SCERT

लिखिए :-



अ) दिए गए प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए ।

1) किसान ने भालू से क्या कहा ?

2) गन्ने की फसल आने पर किनको क्या मिला ?

3) सच्ची जीत ताकत से होती है या समझदारी से ? अपने विचार बताइए ।


4) इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती हैं ?

आ) 'किसान की होशियारी' का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

भाषांश :-



अ) चित्र से संबंधित पर्याय शब्दों पर गोला "○" लगाइए।



आ) अंत्याक्षरी :-

1) खेत	-	तन	-	नल	-	लता
2) उपज	-	.....	-	.....	-	.....
3) गन्ना	-	.....	-	.....	-	.....
4) मान	-	.....	-	.....	-	.....
5) सिर	-	.....	-	.....	-	.....

© APSCERT

इ) सही विलोम शब्द से रिक्त स्थान भरिए ।

1) एक	×	.....	(दो / पाँच / अनेक)
2) ऊपर	×	.....	(आगे / नीचे / पीछे)
3) आना	×	.....	(जाना / पाना / खोना)
4) चमक	×	.....	(खुशबू / फीका / आलस)
5) होशियार	×	.....	(अकलमंद / दयालू / मूर्ख)

ई) बेमेल शब्द पर गोला ○ लगाइए ।

1) भालू	लोमड़ी	शेर	(कबूतर)
2) आलू	गाजर	गेहूँ	मूली
3) पंख	जड़	तना	पत्ता
4) बोना	उगना	कूदना	काटना
5) क्रोध	हाथ	डर	भय

उ) वर्ण विच्छेद कीजिए ।

1) चिढ़कर	-	च्	इ	ढ़्	अ	क्	अ	र्	अ
2) झपटा	-								
3) चमकीले	-								
4) तुम्हारी	-								
5) लगाया	-								

ऊ) डिब्बों को सार्थक शब्दों से पूर्ति कीजिए ।

×	ऊ	×
उ	प	ज
×	र	×

×	उ	×
फ		ल
×	का	×

APSCERT

सृजनात्मकता :-



भोलू भालू का लालच

चलो बच्चो! कहानी बनाते हैं। उल्टे - सीधे वाक्यों को सही नंबर देते हैं। अब कहानी पढ़कर आनंद लेते हैं।

लालची भालू

उसके लालच ने उसे चोट लगवा दी। ☐

भोलू भालू ने रस को चखा और उसे वह बहुत स्वादिष्ट लगा। 4

मधुमक्खियों ने भोलू भालू के हाथ को काट लिया भोलू पेड़ से नीचे गिर गया। ☐

छत्ते में से रस टपक रहा था ☐

उसने मधुमक्खी के छत्ते में हाथ डाल दिया। ☐

भोलू भालू को पेड़ पर लगा एक मधुमक्खी का छत्ता दिखाई दिया। 1

भोलू भालू को लालच आ गया। वह पेड़ पर झटपट चढ़ गया। ☐

APSCERT

✦ **बच्चो! लालचीपन अच्छी बात है या बुरी बात ? अपने शब्दों में लिखिए।**

परियोजना कार्य :-



सब्जी मंडी में मिलनेवाली तरकारियों को सूचना के अनुसार अलग कीजिए।

आलू, नींबू, पालक, गाजर, ककड़ी, टमाटर,
चौलाई, चुकंदर, बीन्स, मटर, हरी धनिया, मूँग

सूचनाएँ	तरकारियों के नाम		
भूमि के नीचे उगनेवाली			चुकंदर
पत्ते के रूप में खायी जानेवाली		चौलाई	
फलों के रूप में प्राप्त होनेवाली	नींबू		
फली के रूप में खायी जानेवाली			मूँग

अनुवाद :- हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

अच्छी आदतें

1. రోజు వేకువనే లేవాలి. .....
2. పెద్దలను గౌరవించాలి. .....
3. తల్లిదండ్రుల మాట వినాలి. .....
4. ఎల్లప్పుడూ సత్యమునే పలకాలి. .....
5. చెడు పనులకు దూరంగా ఉండాలి. .....

व्याकरणांश :-





मैं हॉकी खेलती हूँ ।

तुम पानी लो ।





मैं आम खाती हूँ ।

तुम पत्र लिखो ।





आप पुस्तक पढ़िए ।

आप पौधा लगाइए ।





हम क्रिकेट खेलते हैं ।

हम चिड़िया घर जाते हैं ।



AP SCERT

उपर्युक्त वाक्यों में - मैं, तुम, आप, हम शब्द संज्ञा के बदले प्रयोग किए गए हैं । ऐसे शब्द 'सर्वनाम' कहलाते हैं ।

उदा :- मैं, तू, तुम, आप, यह, वह, ये, वे आदि ।

अभ्यास कार्य :-

अ) दिए गये अनुच्छेद को पढ़कर सर्वनाम शब्दों को पहचानिए और लिखिए ।

'मैं अपने घर को बहुत पसंद करता हूँ । हमारा घर सुंदर और सफ़ेद रंग का है । मेरी माँ खाना बनाती हैं और हम सब मिलकर खाते हैं । हम सब परिवार के सदस्य आपस में प्यार करते हैं । वे हमारी भलाई चाहते हैं । यह मेरा परिवार है और मुझे उन पर गर्व है ।'

सर्वनाम शब्द :-

_____ _____ _____ _____ _____

आ) सर्वनाम शब्द के आगे सही '✓' का चिह्न लगाइए ।

विजयवाड़ा	( )	वह	(✓)	दिल्ली	( )
रमा	( )	काव्या	( )	यह	( )
तुम	( )	मंदिर	( )	विद्यालय	( )
तरकारी	( )	थैली	( )	आप	( )
सैनिक	( )	दर्जी	( )	हम	( )

समूह गतिविधि



अध्यापक के लिए सूचनाएँ:- संवाद लेखन

किसान और भालू के बीच होन वाली बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।

(प्रत्येक समूह 5 - 6 संवाद लिखे ।)

AP SCERT



वाह ! क्या बात है?

लाल किला

लाल किला भारत देश की प्रसिद्ध इमारतों में एक है । लाल किला लाल पत्थर से बनाया गया है । इस किले का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहाँ ने करवाया । इसे बनाने में लगभग 10 वर्ष लगे । लाल किला हमारे देश की राजधानी दिल्ली में स्थित है । हर साल पंद्रह अगस्त को प्रधान मंत्री इस पर झंड़ा फहरा कर देशवासियों को अपना संदेश देते हैं । लाल किला भारत की शान, गौरव और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है ।



AP SCERT

आओ, कुछ बनाएँ !

चिड़िया तिनका - तिनका इकट्ठा करके घोंसला बनाती है । आइए, आज हम भी कुछ तिनके कागज़, अखबार के टुकडे, रूई, ऊन इत्यादि इकट्ठा करें और उनकी सहायता से एक नन्हा घोंसला बनाएँ ।



© NCERT

चिड़ियाघर की सैर

3

F4P8F9

सोचिए-बोलिए



AP SCERT

बातचीत के लिए :-

1. चित्र में क्या - क्या दिखाई दे रहा है ?
2. चित्र में दादा - दादी कहाँ बैठे हैं ?
3. पिकनिक पर जाना आपको कैसा लगता है ?

सीखने की संप्राप्तियाँ:-


1) विभिन्न प्रकार के पशु - पक्षियों के बारे में जान सकेंगे । (CG-1)
2) परिवार के साथ आनंदमय क्षणों का अनुभव अपने शब्दों में बता सकेंगे। (CG-2)
3) गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखने की योग्यता प्राप्त कर सकेंगे ।(CG-3)
4) अपने भावों को बोलकर, लिखकर अभिव्यक्त करने की योग्यता प्राप्त कर सकेंगे ।(CG-3)
5) शब्द भंडार और रचनात्मकता का विकास कर सकेंगे । (CG-2)

चिड़ियाघर की सैर

1. शेर	2. बंदर	3. मूँगफली	4. केला	5. लंगूर	6. गेंड़ा
7. जिराफ़	8. भालू	9. मछली	10. बत्तख	11. कछुआ	12. मगरमच्छ
13.चिड़िया	14. तोता	15. सफ़ेद तोता	16. गौरैया	17. मोर	18. शुतुरमुर्ग
19. हाथी	20. ऊँट	21.आइसक्रीम	22. छड़ी	23. फ़ाटक	24. बस

रविवार के दिन गीता अपने परिवार के साथ चिड़ियाघर गई थी। उसने देखा कि

1.  के पिंजरे के पास बहुत भीड़ थी।



शेर गरजा तो सब डरकर पीछे हट गए। सामने लोग 2.  को 3.  और

4.  खिला रहे थे। पिताजी ने कहा देखो, वहाँ लिखा है चिड़ियाघर के जानवरों को खाना देना मना है। गीता बोल उठी, ''पिताजी वह देखिए काले मुँह का बंदर।''पिताजी हँस पड़े और बोले, बिटिया वह 5.  है। लंगूर का मुँह काला होता है। एक जगह 6.  दिखाई दिया जिसकी नाक पर बड़ा-सा सींग था। साथ वाले बाड़े में

© NCERT

लंबी गरदन वाला 7.  धीरे - धीरे टहल रहा था । गीता पिताजी को खींचते हुए आगे ले गई । वहाँ 8.  दो पैरों पर खड़ा था । एक तालाब में रंग - बिरंगी 9.  और 10.  तैर रही थीं । गीता ने पिताजी को दूसरी ओर इशारा करके दिखाते हुए कहा ''पिताजी, पिताजी वह देखिए पत्थर चल रहा है।'' पिताजी उसे समझाते हुए बोले ''बिटिया, यह 11.  है । जब इसे डर लगता है तो वह अपनी गरदन और हाथ-पैर अपने खोल में छिपा लेता है । खोल इसका रक्षक है ।''

1. चिड़ियाघर की सैर के लिए कौन-कौन गये थे ?
2. लंगूर का मुँह कैसा है ?

गीता दौड़कर आगे गई । एक बड़े तालाब में 12.  तैर रहे थे । जैसे ही एक 12.  ने मुँह खोला, गीता ने डरकर दादाजी का हाथ पकड़ लिया । कुछ और आगे एक बड़ा सा पिंजरा था । उसमें बहुत - सी 13.  थीं । गीता ने खुशी से ताली बजाई और कहा - वह देखो हरियल 14.  ।पिताजी ने कहा ''हाँ और उधर देखो, वह सफेद वाला विदेशी 15.  है, इसे ''कातुआ'' कहते हैं । गीता चहककर बोली, पिताजी कुछ चिड़ियाँ तो हमारे घर के पास भी दिखाई देती हैं, जैसे 16.  । पिछले साल पिकनिक पर हम ने बाग में नाचता हुआ 17.  भी देखा था । पिताजी ने गीता को बताया कि 18.  सबसे बड़ा पक्षी होता है । वहाँ देखो शुतुरमुर्ग पेड़ की छाया में खड़ा है ।

APSCERT

चिड़िया घर में 19.  और 20.  की सवारी भी कर सकते हैं । सामने 21.  का एक ठेला था । पिताजी ने दादाजी के लिए 22.  टिकाई और गीता के लिए 21.  खरीदी । अब तक वे सब थक चुके थे । वे चिड़ियाघर के 23.  से बाहर आए 24.  पकड़ी और अपने घर आ गए ।

3. विदेशी पक्षी का नाम क्या था ?
4. चिड़िया घर में किसकी सवारी भी कर सकते हैं ?

शब्दार्थ :-

चिड़ियाघर	= पशु-पक्षियों का प्रदर्शन स्थान	= Zoo	= జంతు ప్రదర్శనశాల
सैर	= घूमना	= Trip	= విహారం
इशारा	= संकेत	= Sign	= సైగ
तालाब	= जलाशय	= Pond	= చెరువు
पिंजरा	= जानवर रखने का ढ़ाँचा	= Cage	= పంజరము
जानवर	= पशु,जंतु	= Animal	= జంతువు
मूँगफली	= एक प्रकार की फली	= Groundnut	= వేరుశనగ
गरदन	= ग्रीवा	= Neck	= మెడ
खोल	= शरीर का बाहरी आवरण	= Shell	= బాహ్య కవచం
ठेला	= गाड़ी	= Cart	= తోపుడు బండి

श्रुतलेख :-

चिड़ियाघर	मगरमच्छ	शुतुरमुर्ग	पत्थर	पिंजरा
बंदर	रक्षक	धीरे-धीरे	इशारा	गरदन

AP SCERT

सारांश

गीता अपने परिवार के साथ चिड़ियाघर घूमने जाती है । वह चिड़ियाघर में शेर, बंदर, लंगूर, गेंड़ा, जिराफ़, भालू, कछुआ, बत्तख, मछलियाँ, मगरमच्छ आदि देखती है । गीता को तोता, गौरैया, कातुआ, मोर और शुतुरमुर्ग बहुत अच्छे लगे । इतना ही नहीं, चिड़ियाघर में हाथी और ऊँट की सवारी भी कर सकते हैं । इस प्रकार गीता ने वहाँ कई प्रकार के पशु - पक्षियों को देखा और खूब मौज-मस्ती की । अंत में गीता आईसक्रीम खाती है । वे सब खुशी से घर लौटते हैं ।

सुनिए - बोलिए :-





1) कुछ पालतू जानवरों के नाम बताइए ।

2) कछुआ का रक्षक क्या है ?

3) सबसे बड़े पक्षी का नाम क्या है ?

पढ़िए :-



अ) पाठ के आधार पर सही वाक्य पर नक्षत्र (★) लगाइए ।

1) गीता अपनी सहेलियों के साथ चिड़ियाघर गयी थी । ( )

2) शेर गरजा, तो सब डरकर पीछे हट गए । (★)

3) चिड़ियाघर के जानवरों को खाना देना चाहिए । ( )

4) तालाब में मगरमच्छ तैर रहे थे । ( )

5) सफ़ेद विदेशी पक्षी को कातुआ कहते हैं । ( )

AP SCERT

आ) पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरिए ।

1) सामने लोग ..... को मूँगफली और केला खिला रहे थे ।
2) बाड़े में लंबी गरदन वाले ..... धीरे - धीरे टहल रहा था ।
3) कछुआ को डर लगता है, तो वह अपनी गरदन और ..... अपने खोल में छिपा लेता है ।
4) गीता ने खुशी से ..... बजाई ।
5) चिड़ियाघर में ..... और ऊँट की सवारी भी कर सकते हैं ।

इ) 'उ -ु ' वर्ण और 'उ -ू ' मात्रा से बननेवाले शब्दों को पाठ में खोजकर लिखिए ।

'उ -ु' मात्रावाले शब्द	' ऊ -ू' मात्रावाले शब्द
उदा :- कछुआ 1..... 2..... 3..... 4.....	उदा :- लंगूर 1..... 2..... 3..... 4.....

ई) समान उच्चारण वाले शब्द पर (★) नक्षत्र लगाइए ।

1) कछुआ - काला ( ) कातुआ (★) कहानी ( )
2) काला - थाली ( ) थरमस ( ) ताला ( )
3) वहाँ - बोला ( ) हँसी ( ) जहाँ ( )
4) केला - ठेला ( ) टहल ( ) टिकाई ( )

उ) गद्यांश पढ़कर विकल्पों में से सही उत्तर पहचान कर लिखिए ।

अगर आप गौर करेंगे तो आपको पता चलेगा कि छोटे बच्चे अपने पलकों को एक मिनट में औसत एक से दो बार झपकते हैं, जबकि वयस्कों में यही संख्या करीब दस होती है । हमारे मानव शरीर में नाक व कान दो ऐसे अंग हैं, जिनका आकार पूरे जीवनकाल तक बढ़ते ही रहते हैं ।

AP SCERT

1) छोटे बच्चे अपने पलक एक मिनट में कितनी बार झपकते हैं ?

A) एक बार B) तीन बार [ ]

C) एक से दो बार D) पाँच बार

2) वयस्कों में पलकों को झपकने की औसत संख्या कितनी हैं ?

A) दस B) तेरह [ ]

C) बारह D) ग्यारह

3) मानव शरीर के कौन - से अंग जीवन भर बढ़ते रहते हैं ?

A) हाथ और पैर B) हृदय और फेंफ़डे [ ]

C) आँख और जीभ D) नाक और कान

4) उपर्युक्त गद्यांश में किन-किन उम्र वालों के बारे में बताया गया है ?

A) छोटे B) वयस्कों [ ]

C) छोटे और वयस्कों D) वृद्ध

5) इस गद्यांश में सुनने और सूँघने के अवयव क्या-क्या हैं ?

A) हाथ और पैर B) कान और नाक [ ]

C) आँख और पीठ D) उँगली और त्वचा

ऊ) पाठ के आधार पर वाक्यों का सही क्रम दीजिए।

1) सामने आइसक्रीम का एक ठेला था । ( )

2) गीता अपने परिवार के साथ चिड़ियाघर गई थी । (1)

3) एक तालाब में रंग-बिरंगी मछली और बत्तख तैर रही थीं । ( )

4) वहाँ देखो, शुतुरमुर्ग पेड़ की छाया में खड़ा है । ( )

5) वे चिड़ियाघर के फ़ाटक से बाहर आए । ( )

AP SCERT

ऋ) जानवरों की आवाज़ और आवासों के बारे में पढ़कर समझिए ।

	जानवर	आवाज़	आवास
1.		रंभाना	गोशाला
2.		चिंघाड़ना	जंगल
3.		हिनहिनाना	अस्तबल
4.		दहाड़ना	जंगल
5.		गुरगुराहट	रेगिस्तान

AP SCERT

लिखिए :- 

अ) दिए गए प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए ।

1) गीता ने अपने परिवार के साथ कहाँ गई और सब से पहले क्या देखा ?
2) पिताजी ने गीता को कछुए के बारे में क्या बताया ?
3) चिड़ियाघर में हमें क्या - क्या नहीं करना चाहिए ?
4) आपको कौन-सा जानवर सबसे अच्छा लगा और क्यों ?

आ) 'चिड़ियाघर की सैर' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।


भाषांश :-



अ) चित्रों के सामने नाम दिए गए हैं, उनमें से दो सही हैं, उन पर गोला '○' लगाइए ।

1.		पाठशाला	कुटुंब	परिवार
2.		मछली	साँप	झष
3.		सिंह	शेर	बिल्ली
4.		गाय	रसोई-घर	धेनु
5.		जंगल	वन	आकाश

आ) अंत्याक्षरी :-



1. गीता	-	तालाब	-	बत्तख	-	खरगोश
2. लंगूर	-	.....	-	.....	-	.....
3. तोता	-	.....	-	.....	-	.....
4. दादा	-	.....	-	.....	-	.....
5. कछुआ	-	.....	-	.....	-	.....

AP SCERT

इ) सही विलोम शब्द से रिक्त स्थान भरिए ।

1) इनकार X ..... (नहीं / निषेध / स्वीकार)

2) पास X ..... (निकट / दूर / संकट)

3) लंबा X ..... (नाटा / ऊँचा / दीर्घ)

4) स्वदेशी X ..... (देशी / विदेशी / स्थानीय)

5) आगे X ..... (पहले / सामने / पीछे)

ई) बेमेल शब्द पर गोला '○' लगाइए ।

1) गाय	बिल्ली	बकरी	भालू
2) कबूतर	कौआ	मछली	तोता
3) मोर	घोड़ा	ऊँट	बैल
4) शेर	बाघ	चीता	हिरण
5) हाथी	गौरैया	खरगोश	गाय

उ) वर्ण विच्छेद कीजिए ।

1. भालू - भ् | ा | ल् | ू

2. बंदर - | | | | | |


3. गौरैया - | | | | | |


4. बहुत - | | | | | |

5. विदेशी - | | | | | |

APSCERT

ऊ) चित्रों के आधार पर डिब्बों को सार्थक शब्दों से पूर्ति कीजिए ।





ऋ) संकेतों के आधार पर नए शब्द बनाकर लिखिए ।

	पहले अक्षर काटने से	मध्य अक्षर काटने से	अंतिम अक्षर काटने से
1.	लगाना - गाना	तीतर - तीर	सवारी - सवा
2.	कछुआ -	कमल -	बंदर - .....
3.	टहल -	नगर -	भारत - .....
4.	विदेशी -	कदम -	नमन - .....

ए) उदाहरण के अनुसार वाक्य के रिक्त स्थान को दिए गए शब्दों में से चुनकर लिखिए ।

(जल्दी-जल्दी, रात, नीचे, खुला, गरम)

1. 

दिन में सूरज आता है ।
रात में चाँद आता है ।



2. 

कछुआ धीरे-धीरे चलता है ।
खरगोश ..... चलता है ।




AP SCERT

3. 

चिड़ियाघर का फाटक बंद है ।

पाठशाला का फाटक ..... है ।



4. 

गिलास में पानी ठंडा है ।


केतली में पानी ..... है ।



5. 

पेड़ के ऊपर कौआ है ।


पेड़ के ..... गाय है ।



सृजनात्मकता :-



मेरी कलाकारी :-



APSCERT

परियोजना कार्य :-



भारत में स्थित प्रसिद्ध चिड़ियाघर और उनके राज्यों के नाम लिखिए ।

चिड़ियाघर का नाम	राज्य का नाम
1.	1.
2.	2.
3.	3.
4.	4.

अनुवाद :-

मातृभाषा में अनुवाद कीजिए ।

सड़क

1) सड़क पर गाय चलती है । .....
2) सड़क से गाँव और शहर जुड़े रहते हैं। .....
3) हमें सड़क पर नियमों का पालन करना चाहिए । .....
4) सड़कों को साफ़ रखना हमारा कर्त्तव्य है । .....
5) सड़क पर हमेशा बाएँ ओर चलना चाहिए । .....

व्याकरणांश :-




पढ़िए - समझिए :-

मैं 	1. **मैं** खाना खाता हूँ । 2. **मैं** गाना गाता हूँ । 3. **मैं** पुस्तक पढ़ता हूँ । 4. **मैं** फुटबॉल खेलता हूँ ।
हम 	1. **हम** खाना खाते हैं । 2. **हम** गाना गाते हैं । 3. **हम** पुस्तक पढ़ते हैं । 4. **हम** फुटबॉल खेलते हैं ।


RPSCERT

अ) संकेतों के आधार पर वाक्य बनाइए ।



1. मैं पढ़ता हूँ ।
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....
6. .....
7. .....
8. .....

हम	फल खाते	हैं ।
	पुस्तक पढ़ते	
	मंदिर जाती	
	गाना गाते	
	गेंद खेलते	




1. हम फल खाते हैं ।
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....



APSCERT

आ) ''मैं'' और ''हम'' का प्रयोग करके वाक्यों के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

1. मैं पाठशाला जाता हूँ ।
2. ..... मिठाइयाँ खाती हैं ।
3. ..... चिड़ियाघर जाते हैं ।
4. ..... परीक्षा लिखती हूँ ।
5. ..... गीत गाती हैं ।



समूह गतिविधि




अध्यापक के लिए सूचनाएँ:-

बच्चों को अपने मन पसंद जानवर का चयन करने के लिए प्रेरित कीजिए। उनसे कागज़, रंग, कैंची और गोंद की सहायता से उसका मुखौटा बनवाते हुए नाम लिखवाइए ।









दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहाँ मच्छर नहीं पाए जाते हैं। यहाँ के ठंडे मौसम और तापमान में अचानक होनेवाले बदलाव के कारण मच्छर अपना जीवनचक्र नहीं कर पाते हैं।

AP SCERT



चित्र और बातचीत

बाज़ार



P1D7T8

हम नन्हे बच्चे

- सोहनलाल द्विवेदी

4

सोचिए-बोलिए



बातचीत के लिए :-

1) चित्र में क्या - क्या दिखाई दे रहा है ?

2) तिरंगा लेकर कौन खड़े हैं ?

3) सैनिक क्या करते हैं ?

सीखने की संप्राप्तियाँ :-

1) छात्रों में देश के प्रति सम्मान की भावनाएँ बढ़ा सकेंगे । (CG-1)

2) छात्रों में सैनिकों के प्रति आदर-सम्मान की भावनाएँ जागृत कर सकेंगे ।(CG-2)

3) छात्र संयुक्ताक्षर और द्वित्वाक्षर के लेखन कौशल को प्राप्त कर सकेंगे ।(CG-3)

4) छात्र अक्षर और मात्राओं के आधार पर शब्द लिख सकेंगे ।(CG-3)

5) 'तू', 'तुम','आप' - के प्रयोग की जानकारी प्राप्त करेंगे ।(CG-2)

APSCERT

हम नन्हे बच्चे

हम नन्हे - नन्हे बच्चे हैं,
नादान, उमर के कच्चे हैं,
पर अपनी धुन के सच्चे हैं ।
जननी की जय-जय गाएँगे,
भारत की ध्वजा फहराएँगे ।

1. बच्चे कैसे हैं ?



अपना पथ कभी न छोड़ेंगे,
अपना प्रण कभी न तोड़ेंगे,
हिम्मत से नाता जोड़ेंगे,
हम हिमगिरि पर चढ़ जाएँगे,
भारत की ध्वजा फहराएँगे ।

हम भय से कभी न डोलेंगे,
अपनी ताकत को तोलेंगे,
जननी की जय-जय गाएँगे ।
अपना सिर भेंट चढ़ाएँगे,
भारत की ध्वजा फहराएँगे ।

2. बच्चे किसकी जय-जय गाना चाहते हैं ?

AP SCERT

कवि परिचय



कवि : सोहनलाल द्विवेदी
जन्म : सन् 1906 ई. में, बिंदकी, फ़तेहपुर, उत्तरप्रदेश
मृत्यु : 29, फरवरी, सन् 1988 ई. में
रचनाएँ : भैरवी, वासंती, बाल भारती आदि ।

शब्दार्थ :-

नन्हे	=	छोटे	=	Small	=	చిన్న
धुन	=	लगन	=	Zeal	=	శ్రద్ధ
नाता	=	संबंध	=	Relation	=	సంబంధము
भेंट	=	उपहार	=	Gift	=	కానుక
हिम्मत	=	साहस	=	Courage	=	ధైర్యం
उम्र	=	आयु	=	Age	=	వయస్సు
ताकत	=	शक्ति	=	Power	=	బలం
पथ	=	मार्ग	=	Way	=	మార్గం
प्रण	=	प्रतिज्ञा	=	Promise	=	ప్రతిజ్ఞ
ध्वजा	=	झंड़ा	=	Flag	=	జెండా

श्रुतलेख :- **नादान** **भारत** **प्रण** **ताकत** **भेंट** **धुन** **नाता** **हिमगिरि** **हिम्मत** **ध्वजा**

सारांश

''हम नन्हे बच्चे'' कविता के कवि श्री सोहनलाल द्विवेदी जी हैं । इस कविता में देशभक्ति के बारे में बताया गया है ।

कवि कहते हैं कि हम छोटे बच्चे हैं । हम नादान हैं । हम कम उम्र के हैं । हम सच बोलते हैं । हम भारत माता की जय गाते हैं । हम भारत का झंडा फहराते हैं । हम अच्छे रास्ते पर चलते हैं । हम अपना वादा नहीं तोड़ते हैं । हम धैर्य से रहते हैं। हम कभी नहीं डरते हैं । जरूरत पड़ने पर हम अपनी ताकत दिखाते हैं । देश के लिए अपने प्राण अर्पण करते हैं ।

सुनिए - बोलिए :-



1) बच्चों में कौन - कौन से गुण होने चाहिए ?
2) बच्चे क्या तोड़ना नहीं चाहते हैं ?
3) भारत की विशेषता क्या है ?

APSCERT

पढ़िए :-



अ) कविता के आधार पर सही वाक्य पर नक्षत्र ''*'' लगाइए ।

1) हम नन्हें - नन्हें बच्चे हैं । (*)

2) बच्चे अपना पथ छोड़ते हैं । ( )

3) हम भारत की ध्वजा फहराते हैं । ( )

4) बच्चे जननी की जय-जय गाते हैं । ( )

5) हम अपना सिर भेंट न चढ़ाते हैं । ( )



आ) कविता के आधार पर रिक्त स्थान भरिए ।

1) नादान, उमर के ..... हैं ।

2) ..... से नाता जोडेंगे ।

3) हम ..... पर चढ़ जाएँगे ।

4) हम ..... से कभी न डोलेंगे ।

5) अपनी ..... को तोलेंगे ।

इ) आकारांत 'ा' और एकारांत ' े ' वाले शब्दों को पाठ के आधार पर खोजकर लिखिए।

आ 'ा' वाले शब्द	ए ' े ' वाले शब्द
उदा :- नादान	**उदा :-** बच्चे
1.	1. .....
2.	2. .....
3.	3. .....
4.	4. .....
5.	5. .....

AP SCERT

ई) समान उच्चारण वाले शब्दों पर सही का चिह्न (✓) लगाइए ।

1)	बच्चे	-	सत्य	( )	कच्चे	(✓)	पका	( )
2)	पथ	-	रथ	( )	थरम	( )	तक	( )
3)	सिर	-	बल	( )	हँसी	( )	फिर	( )
4)	भय	-	तय	( )	मर	( )	कर	( )
5)	नाता	-	बाप	( )	माता	( )	बड़ा	( )

ऊ) पद्य पढ़कर विकल्पों में से सही उत्तर पहचानकर कोष्टक में लिखिए ।

बूँद - बूँद के पानी से भरता है सागर,
हाथ - हाथ के मिलन से हम पाते हैं आदर ।
रंग - बिरंगे फूलों से बढ़ती पेड़ की सुंदरता,
स्नेह और प्रेम से जगती हमारी मानवता ।



प्रश्न :-

1) बूँद - बूँद के पानी से क्या भर जाता है ? ( )

A) सागर B) तालाब C) नदी D) कुँआ

2) हाथ - हाथ के मिलन से हम क्या पाते हैं ? ( )

A) उपहार B) संपदा C) आदर D) शत्रुता

3) रंग - बिरंगे फूलों से किसकी सुंदरता बढ़ती है ? ( )

A) नदी की B) घर की C) भूमि की D) पेड़ की

4) हमारी मानवता किससे जगती है ? ( )

A) स्नेह और प्रेम से B) स्नेह और द्वेष से

C) द्वेष और प्रेम से D) द्वेष और क्रोध से

5) इस कविता का मुख्य विषय क्या है ? ( )

A) शत्रुता B) एकता C) सुंदरता D) निरंतरता

AP SCERT

ऊ) पाठ के आधार पर दिए गए वाक्यों का सही क्रम दीजिए।



1) अपना प्रण कभी न तोडेंगे । ( )
2) भारत की ध्वजा फहराएँगे । ( )
3) अपना पथ कभी न छोड़ेंगे । (1)
4) हिम्मत से नाता जोड़ेंगे । ( )
5) हम हिमगिरि पर चढ़ जाएँगे । ( )

लिखिए :-



अ) दिए गए प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए ।

1) बच्चे किससे नाता जोड़ना चाहते हैं ?
2) अगर आप सैनिक होते तो देश की रक्षा के लिए क्या करते हैं ?
3) 'हिमगिरि पर चढ़ना' का आशय क्या है ?
4) कवि सोहनलाल द्विवेदी के बारे में लिखिए ।
5) इस कविता का मुख्य संदेश क्या है ?

आ) 'हम नन्हें बच्चे' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

भाषांश :-



अ) चित्रों के सामने उनके नाम दिए गए हैं । उनमें से दो सही हैं । उन पर गोला "◯" लगाइए ।

1)		(बालक)	(बच्चा)	सच्चा
2)		ध्वजा	पतंग	झंडा
3)		मार्ग	रास्ता	जंगल
4)		उपहार	सेब	ईनाम
5)		पैर	मस्तक	सिर

AP SCERT

आ) अंत्याक्षरी :-



1) उमर	-	रमा	-	मान	-	नमक
2) नादान	-	.....	-	.....	-	.....
3) जननी	-	.....	-	.....	-	.....
4) सिर	-	.....	-	.....	-	.....
5) भारत	-	.....	-	.....	-	.....

इ) सही विलोम शब्द से रिक्त स्थान भरिए ।

1) अपना	×	.....	(जाना / पराया / खाना)
2) भय	×	.....	(डर / भर / निर्भय)
3) सच	×	.....	(झूठ / सत्य / सत)
4) छोड़ना	×	.....	(तोड़ना / पकड़ना / खेलना)
5) चढ़ाना	×	.....	(उठना / उतारना / बैठना)

ई) बेमेल शब्द पर गोला "◯" लगाइए ।


1) शिक्षक	छात्र	(घर)	छात्रा
2) हरा	सफ़ेद	माला	केसरिया
3) छोड़ना	चढ़ना	तोड़ना	भार
4) हिमगिरि	कृष्णा	आरावली	विंध्या
5) गंगा	कावेरी	गोदावरी	सागर

AP SCERT

उ) वर्ण विच्छेद कीजिए ।

1. भारत	=	भ्	आ	र्	अ	त्	अ		
2. जननी	=								
3. हिम्मत	=								
4. ध्वजा	=								
5. हिमगिरि	=								

ऊ) चित्रों के आधार पर डिब्बों को सार्थक शब्दों से पूर्ति कीजिए ।









सृजनात्मकता :-



अ) कुछ वर्ण और मात्राएँ दी गयी हैं । इनका प्रयोग करते हुए नए-नए शब्द बनाइए । (वर्णों और मात्राओं का प्रयोग एक से अधिक बार भी किया जा सकता है ।)



उदा : मेला ....

APSCERT

परियोजना कार्य :-



कुछ देशभक्तों के चित्र इकट्ठा कीजिए और उनके बारे में दो-दो वाक्य लिखिए ।

अनुवाद :- हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

1. భారతదేశము విశాలమైనది. .....
2. భారతదేశములో 28 రాష్ట్రాలు ఉన్నవి. .....
3. నా భారతదేశం గొప్పది. .....
4. ఇక్కడ అనేక మతాల వారు ఉన్నారు. .....
5. ఢిల్లీ భారతదేశపు రాజధాని. .....

व्याकरणांश :-



अ) पढ़िए - समझिए :-

तू आ ।	तुम आओ ।	आप आइए ।
तू खा ।	तुम खाओ ।	आप खाइए ।
तू जा ।	तुम जाओ ।	आप जाइए ।
तू पढ़ ।	तुम पढ़ो ।	आप पढ़िए ।
तू लिख ।	तुम लिखो ।	आप लिखिए ।

अन्य उदाहरण :-

तू मोहन है ।	तुम मोहन हो ।	आप मोहन हैं ।
तू पढ़ता है ।	तुम पढ़ते हो ।	आप पढ़ते हैं ।
तू मंदिर जाती है ।	तुम मंदिर जाती हो ।	आप मंदिर जाती हैं ।
तू परीक्षा लिखता है ।	तुम परीक्षा लिखते हो ।	आप परीक्षा लिखते हैं ।
तू पाठशाला आती है ।	तुम पाठशाला आती हो ।	आप पाठशाला आती हैं ।

आ) अभ्यास :-

1) वाक्य के आधार पर जोड़ी बनाइए ।

तू	बाहर जाइए ।
तुम	गाना गा ।
आप	खाना खाओ ।



AP SCERT

2) सही शब्द से वाक्य पूर्ति कीजिए ।

1)	तू लिख ।	..... लिखो ।	आप ..... ।
2)	..... खा ।	तुम ..... ।	..... खाइए ।
3)	..... जा ।	..... जाते हो ।	आप ..... हैं ।
4)	तू मोहन है ।	..... मोहन हो ।	..... मोहन हैं ।
5)	..... पढ़ती है ।	तुम पढ़ती ..... ।	आप पढ़ती ..... ।



वाह ! क्या बात है?

भारतीय सेना



स्थापना : 15 जनवरी 1949
- देश की सीमा की रक्षा करना।
- ज़मीन पर युद्ध लड़ना।
- थल सेना दिवस : 15,जनवरी



स्थापना : 8 अक्टूबर 1932
- देश की हवाई सुरक्षा करना ।
- वायु सेना दिवस : 8, अक्तूबर



स्थापना : 04 दिसंबर 1971
- भारत के समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा।।
- नौ सेना दिवस : 04,दिसंबर

AP SCERT

थाथू और मैं

5

सोचिए-बोलिए




बातचीत के लिए :-

1) चित्र में कौन दिखाई दे रहे हैं ?
2) इस चित्र को देखने से हमें क्या पता चलता है ?
3) घर में दादा-दादी की क्या भूमिका होती है ?

सीखने की संप्राप्तियाँ :-

1) बड़ों के प्रति प्रेम, सम्मान और अपनेपन की भावना को समझ सकेंगे ।(CG-2)
2) प्यार संवेदना, दया और पारिवारिक एकता आदि नैतिक मूल्यों को अपना सकेंगे ।(CG-1)
3) जीवन के अनुभवों को अपने शब्दों में व्यक्त कर सकेंगे ।(CG-2)
4) श्रुत लेखन अभ्यास और भाषांशों के द्वारा भाषाई ज्ञान को दृढ़ कर सकेंगे ।(CG-3)
5) कल्पनाशीलता और रचनात्मकता के गुणों का विकास कर सकेंगे ।(CG-2)

थाथू और मैं




मैं अपने दादाजी के साथ रहती हूँ। उन्हें मैं 'थाथा' कहती हूँ। लेकिन जब उन पर बहुत प्यार आता है, तो मैं उन्हें ''थाथू'' बुलाती हूँ।

1. यह कहानी हमें कौन सुना रहे हैं ?

2. लेखिका दादाजी को प्यार से क्या बुलाती है?

कभी-कभी थाथू मुझे सिनेमा दिखाने बाहर ले जाते हैं। मैं उनकी गोदी में बैठकर हॉर्न बजाती हूँ - पॉम ! पॉम ! रास्ते की सब बकरियाँ और गायें दूर हट जाती हैं।



AP SCERT

'थाथू' क्यों न हम चाँद पर चलें ?' मैं पूछती हूँ। वे सिर हिला कर हँस देते हैं। जब वे हँसते हैं तो एक गुलाबी - सी दीवार दिखाई देती है ... और फिर ... एक गुलाबी - सी गुफा।



3. ''गुलाबी-सी गुफा'' का मतलब क्या है ?



जब बारिश होती है, तो थाथा खिड़की के बाहर इशारा करते हैं और कहते हैं , ''देखो बरसात हो रही है। चलो ... बाहर चलें।''


थाथू और मैं हमेशा कुछ अलग करते हैं। हम समुद्र तट पर जाते हैं ऊँची - नीची लहरें मेरे चारों तरफ़ उठती गिरती हैं। चाँद हमारे साथ-साथ चलता है और हवाएँ सीटी बजाती हैं।




मछलियाँ थाथू और मुझे ढूँढती हुई आती हैं।

© NCERT

मेरी उँगलियाँ कुतरती हैं और मुझे खेलने को बुलाती हैं। हम दौड़ लगाते हैं और भुट्टा खाते हैं। जब अंधेरा हो जाता है, तो मैं थाथू का हाथ पकड़ लेती हूँ। उनके साथ मैं कूदती - फाँदती आ जाती हूँ। फिर थाथू अपनी मनपसंद किताब पढ़ने बैठ जाते हैं।



''थाथू, यह कोई जादूई किताब है ?''



मैं पूछती हूँ। थाथू मुस्कुराते हैं। ''क्या मैं भी जादूगर बनूँगी?'' मैं फिर पूछती हूँ, ''आपकी तरह?'' वे कहते हैं, ''अब सो जाओ।'' उनकी गोद में सिर रखकर, मैं सो जाती हूँ। मुझे अपने थाथू से बेहद प्यार है। मैं प्रार्थना करती हूँ ... कि एक दिन मैं भी उनके जैसी बनूँ।

4. थाथू, यह कोई जादूई किताब है ? इसका क्या मतलब है ?

© NCERT

लेखक का परिचय :-



लखिका : गीता धर्मराजन

जन्म : 19 सितंबर, 1948 ई

जन्म स्थान : चेन्नई, तमिलनाडु

पुरस्कार : पद्मश्री (2012)

शब्दार्थ :-

दादा	= पितामह	= Grand father	= తాతయ్య/తాత
दीवार	= प्राचीर	= Wall	= గోడ
बारिश	= वर्षा	= Rain	= వర్షం
इशारा	= संकेत	= Signal/Sign	= సైగ
समुद्र तट	= किनारा	= Beach	= సముద్రపు ఒడ్డు
लहर	= तरंग	= Wave	= కెరటం
कुतरना	= काटना	= Bite to Gnaw	= కొరుకుట
भुट्टा	= मक्का	= Corn	= మొక్కజొన్న
अंधेरा	= अंधकार	= Darkness	= చీకటి
कूदना-फाँदना	= उछलना	= Jumping	= గెంతుట
जादू	= चमत्कार	= Magic	= ఇంద్రజాలం

श्रुतलेख :-

थाथू	बारिश	उँगलियाँ	मुस्कुराना	गोदी	गुफा
भुट्टा	प्रार्थना	हँसना	लहरें	हॉर्न	फाँदना

AP SCERT

सारांश

लेखिका अपने बचपन की यादें बताती हुई कहती है कि मैं अपने दादाजी को प्यार से ''थाथू'' कहती हूँ। थाथू मुझे सैर पर ले जाते हैं। हम साथ में बहुत मज़े करते हैं। कभी हम सिनेमा देखने जाते हैं। कभी बारिश में खेलने निकलते हैं। हम समुद्र तट पर जाते हैं, जहाँ लहरें, मछलियाँ और चाँद हमारे साथी बन जाते हैं। जब वे किताब पढ़ते हैं, तो मैं उनकी गोद में सिर रखकर सो जाती हूँ। मुझे अपने थाथू से बहुत प्यार है। मैं चाहती हूँ कि - मैं भी उनके जैसी बनूँ।

सुनिए - बोलिए :-



1) बारिश होती है तो थाथू क्या करते हैं ?

2) हॉर्न सुनकर क्या दूर हट जाती हैं ?

3) लेखिका क्या बनना चाहती है ?

पढ़िए :-



अ) पाठ के आधार पर सही वाक्य पर नक्षत्र ''*'' लगाइए।

1) रास्ते की सब बकरियाँ और गायें दूर हट जाती हैं। (*)

2) एक चाँद-सी दीवार दिखाई देती है। ( )

3) मछलियाँ थाथू और मुझे ढूँढती हुई आती हैं। ( )

4) हम दौड़ लगाते हैं और मिठाई खाते हैं। ( )

5) थाथू और मैं हमेशा कुछ अलग करते हैं। ( )

AP SCERT

आ) पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

1) मैं उनकी ..... में बैठकर हार्न बजाती हूँ ।

2) एक गुलाबी - सी ..... दिखाई देती है ।

3) कभी-कभी थाथू मुझे ..... दिखाने बाहर ले जाते हैं ।

4) हम ..... तट पर जाते हैं ।

5) ..... हमारे साथ - साथ चलता है ।

इ) "ब" और "उ - ु" वर्ण से प्रारंभ होनेवाले शब्दों को कहानी से छाँटकर लिखिए ।

ब	उ - ु
उदा :- बाहर	**उदा :-** बुलाती
1.	1. .....
2.	2. .....
3.	3. .....
4.	4. .....
5.	5. .....

AP SCERT

ई) समान उच्चारण वाले शब्दों पर सही का चिह्न (✓) लगाइए ।

1)	पकड़ - नकेड़	( )	धरम	( )	अकड़	(✓)
2)	सब - अब	( )	मग	( )	जग	( )
3)	सिर - घर	( )	फिर	( )	जर	( )
4)	बरफ़ - बेर	( )	बोर	( )	तरफ़	( )
5)	थाथा - बाता	( )	माथा	( )	नाता	( )

उ) गद्यांश को पढ़कर विकल्पों में से सही उत्तर पहचानिए ।

राघव स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था । वह चित्रकला में निपुण था । एक दिन उसे जंगल में एक चमकीली पेंसिल मिली । वह पेंसिल से जो भी बनाता था, वह असली बनकर सामने प्रकट हो जाता था । राघव ने उस पेंसिल से मिठाइयाँ और खेल के सामान बनाए ।

प्रश्न :-

1) राघव कौन-सी कक्षा का छात्र था ? ( )

A) आठवीं B) सातवीं C) नौवीं D) दसवीं

2) चित्रकला में कौन निपुण था ? ( )

A) राम B) रवि C) राघव D) रोशन

3) राघव को जंगल में क्या मिली ? ( )

A) कलम B) पेंसिल C) रबड़ D) पर्स

4) राघव पेंसिल से जो भी बनाता था, वह कैसे सामने प्रकट होता था ? ( )

A) असली B) नकली C) पानी D) पत्थर

5) राघव ने किससे मिठाइयाँ और खेल के सामान बनाए ? ( )

A) कलम से B) पेंसिल से C) पुस्तक से D) रबड़ से

AP SCERT

ऊ) पाठ के आधार पर वाक्यों को सही क्रम में लिखिए ।

1) वे सिर हिला कर हँस देते हैं । ( )

2) मैं पूछती हूँ । थाथू मुस्कुराते हैं । ( )

3) मैं प्रार्थना करती हूँ कि एक दिन मैं भी उनके जैसी बनूँ । (5)

4) मैं अपने दादाजी के साथ रहती हूँ । ( )

5) ऊँची-नीची लहरें मेरे चारों तरफ़ उठती गिरती हैं । ( )

लिखिए :-

अ) दिए गए प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए ।

1) थाथू कभी-कभी पोती को कहाँ ले जाते थे ? पोती क्या करती थी ?

2) समुद्र तट पर थाथू और पोती क्या करते थे ?

3) पोती थाथू से क्यों बेहद प्यार करती थी ?

4) कहानीकार गीता धर्मराजन के बारे में लिखिए ।

5) यह कहानी हमें कौन-कौन से मूल्य सिखाती है?

आ) 'थाथू और मैं' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

भाषांश :-




अ) चित्रों के सामने उनके नाम दिए गए हैं । उनमें से दो सही हैं । उन पर गोला "◯" लगाइए ।

1)		तारा	चाँद	चंद्र
2)		पेड़	वृक्ष	जल
3)		बच्चा	बालिका	लड़की
4)		मीन	नाग	मछली
5)		आकाश	गगन	भूमि

RP SCERT

आ) अंत्याक्षरी :-



1) बारिश	-	शरबत	-	तरल	- लहर
2) किताब	-	.....	-	.....	- .....
3) कूदना	-	.....	-	.....	- .....
4) अंधेरा	-	.....	-	.....	- .....
5) इशारा	-	.....	-	.....	- .....

इ) सही विलोम शब्द से रिक्त स्थान भरिए ।

1) आना	×	.....	(जाना / खाना / सोना)
2) उठना	×	.....	(लिखना / बैठना / पढ़ना)
3) बाहर	×	.....	(आहार / बहार / अंदर)
4) प्यार	×	.....	(द्वेष / क्रोध / शांत)
5) हँसना	×	.....	(रोना / जागना / खेलना)

ई) बेमेल शब्द पर गोला ○ लगाइए ।

1) किताब	कोक	पेंसिल	कलम
2) भैंस	गाय	चील	बकरी
3) बोलना	हँसना	नदी	रोना
4) पादुक	टोपी	जूते	चप्पल
5) कोयल	तोता	मैना	मुर्गी


AP SCERT

उ) वर्ण विच्छेद कीजिए ।

1. गरीब = | ग् | अ | र् | ई | ब् | अ |
2. लेखिका = | | | | | | |
3. गुलाबी = | | | | | | |
4. मछली = | | | | | | |
5. गोद = | | | | |

ऊ) संकेतों के आधार पर डिब्बों की पूर्ति कीजिए ।

संकेत : To tell, Natural, Jewel, Brave, Flow.




उदा :- कहना

1. .....
2. .....
3. .....

AP SCERT

सृजनात्मकता :-

ढूँढिए - गिनिए - लिखिए : नीचे दिए गए चित्र देखिए । पूछे गए चित्रों की संख्या को गिनकर लिखिए ।



1. पेंसिल - .....
2. पक्षी - .....
3. फूल - .....
4. किताब - .....

परियोजना कार्य :-



परिवार के सदस्यों के चित्र संकलित करके नाम लिखकर कक्षा में प्रदर्शित किजिए।

अनुवाद :- मातृभाषा में अनुवाद कीजिए ।

1. पाठशाला ज्ञान का मंदिर है । - .....
2. यहाँ हम पढ़ना और लिखना सीखते हैं । .....
3. यहाँ हमें अनुशासन सिखाया जाता है । .....
4. पाठशाला में हमें अनेक विषय सिखाते हैं । .....
5. हमें अपनी पाठशाला अच्छी लगती है । .....

व्याकरणांश :-



(यह, वह, ये, वे - का प्रयोग)

अ) सूचना के अनुसार खाली जगह भरिए ।

यह ..... है । 

वह ..... है । 

1. ..... गेंद है । 
2. ..... आम है । 

APSCERT

3. ..... चूहा है । 

आ) सूचना के अनुसार खाली जगह भरिए ।

उदा : ये कतिाबें हैं । 

वे कतिाबें हैं । 

1. ..... गेंदें हैं । 

2. ..... गेंदें हैं । 

3. ..... चूहे हैं । 

4. ..... चूहे हैं । 


इ) चित्रों की सहायता से सही शब्द खाली जगह में लिखिए ।

1. ..... घर है । 

2. ..... घड़ी है । 

3. ..... किताबें हैं । 

4. ..... गेंदें हैं । 

5. ..... आम हैं । 

AP SCERT

समूह गतिविधि



अध्यापक के लिए सूचनाएँ:-

छात्रों को 4-5 समूहों में विभाजित करें।
हर समूह को दादा, दादी, माता, पिता, भाई जैसे पात्र दीजिए।
पात्र से संबंधित अभिनय करते हुए उनके बारे में जानकारी देना चाहिए।





वाह! क्या बात है?

विवेक एक्सप्रेस

असम के डिब्रूगढ़ से तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक चलने वाली विवेक एक्सप्रेस भारत की सबसे लंबी दूरी तय करनेवाली ट्रेन के रूप में रिकॉर्ड बनाया है। यह कुल 4,189 कि.मी. की दूरी तय करती है। यात्रा का समय 75-80 घंटे हैं । यह असम, नागालैंड, बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु राज्यों में 50 से अधिक स्टेशनों पर रुकती है।






APSCERT

पत्र लेखन

6

सोचिए-बोलिए



बातचीत के लिए :-

1. चित्र में क्या - क्या दिखाई दे रहा हैं ?
2. डाकिया क्या बाँटता है ?
3. आजकल संदेश कैसे भेजे जा रहे हैं ?

सीखने की संप्राप्तियाँ :-

1) छात्र छुट्टी-पत्र लिखने का तरीका जान सकेंगे । (CG-2)

2) बड़ों का संबोधन और अभिवादन करना सीख सकेंगे । (CG-1)

3) पत्र के विविध प्रकारों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे । (CG-1)

4) 1 से 20 तक गिनती, बालगीत और अभ्यास कार्यों के द्वारा सीख सकेंगे । (CG-3)

5) संयुक्ताक्षर शब्दों को स्पष्ट रूप से पढ़ने की योग्यता प्राप्त करेंगे । (CG-1)

छुट्टी - पत्र

विजयवाडा,

दिनांक : 05-09-2026.



सेवा में :

श्रीमान कक्षाध्यापक जी,

सातवीं कक्षा,

सरकारी उन्नत पाठशाला,

विजयवाडा ।

महोदय,

सादर प्रणाम ।

मैं सातवीं कक्षा की छात्रा हूँ । मैं अपने परिवार के साथ ऐतिहासिक यात्रा पर दिल्ली जाना चाहती हूँ । इस यात्रा से मुझे हमारे देश के इतिहास को करीब से जानने और बहुत कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा । इसलिए मुझे दिनांक 06-09-2026 से 09-09-2026 तक चार दिन की छुट्टी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद ।

आपकी आज्ञाकारी छात्रा,

आर. गीतिका,

क्रमांक - 13,

सातवीं कक्षा ।

1. हम पत्र क्यों लिखते हैं ?

2. गीतिका कहाँ जाना चाहती है ?

APSCERT

शब्दार्थ :-

छुट्टी	= अवकाश	= Leave	=	సెలవు
महोदय	= श्रीमान, आदरणीय	= Sir	=	అయ్యా
छात्रा	= विद्यार्थिनी	= Girl student	=	విద్యార్థిని
आज्ञाकारी	= आज्ञा पालक	= Obedient	=	విధేయులు
प्रेषक	= भेजनेवाले	= One who sends	=	ఉత్తరం పంపేవారు
कक्षाध्यापक	= वर्ग अध्यापक	= Class teacher	=	తరగతి ఉపాధ్యాయుడు

श्रुतलेख :-

प्रेषक कक्षाध्यापक पाठशाला महोदय प्रणाम
छात्रा दिल्ली ऐतिहासिक छुट्टी आज्ञाकारी

सुनिए - बोलिए :-





1) छुट्टी पत्र किसने लिखा ?

2) गीतिका किस कक्षा की छात्रा है ?

3) गीतिका ने कितने दिन की छुट्टी माँगी ?

पढ़िए :-



अ) पाठ के आधार पर सही वाक्य पर नक्षत्र "*" लगाइए ।

1) पत्र कक्षाध्यापक को लिखा गया है । (*)
2) गीतिका शादी में जाने के लिए छुट्टी माँगी । ( )
3) यह पत्र औपचारिक पत्र है । ( )
4) गीतिका आठवीं कक्षा की छात्रा है । ( )
5) पत्र में चार दिन की छुट्टी माँगी गयी । ( )

AP SCERT

आ) पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरिए ।

1) मुझे चार दिन की ..... देने की कृपा करें ।

2) गीतिका ने ..... को पत्र लिखा ।

3) मैं ..... कक्षा की छात्रा हूँ ।

4) मैं अपने परिवार के साथ ..... यात्रा पर दिल्ली जाना चहती हूँ ।

5) कुछ नया सीखने का ..... मिलेगा ।

इ) "प" और "ए -े " की मात्रा से संबंधित शब्दों को पाठ से खोजकर लिखिए ।

प	े
उदा :- परिवार	**उदा :- मुझे**
1.	1. .....
2.	2. .....
3.	3. .....
4.	4. .....
5.	5. .....

ई) समान उच्चारण वाले शब्दों पर सही का चिह्न (✓) लगाइए ।

1) छात्र	-	इत्र	( )	यात्रा	( )	मात्र	(✓)
2) कक्षा	-	रक्षा	( )	क्षण	( )	अक्षय	( )
3) सादर	-	आदर	( )	बादल	( )	विनय	( )
4) दिल्ली	-	गली	( )	बिल्ली	( )	चली	( )
5) देश	-	दिशा	( )	दशा	( )	वेश	( )

AP SCERT

उ) अपठित गद्य पढ़कर विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए ।

पत्र लेखन दो प्रकार के होते हैं । वे औपचारिक पत्र और अनौपचारिक पत्र हैं । औपचारिक पत्र किसी अधिकारी को लिखा जाता है । अनौपचारिक पत्र मित्र, परिवार के सदस्य या रिश्तेदारों को लिखा जाता है ।

प्रश्न :-

1) पत्र-लेखन कितने प्रकार के होते हैं ? ( )

A) तीन B) चार C) दो D) एक

2) औपचारिक पत्र किसे लिखा जाता है ? ( )

A) अधिकारी को B) मित्र को C) परिवार को D) रिश्तेदार को

3) मित्र को कैसा पत्र लिखा जाता है ? ( )

A) औपचारिक पत्र B) आधिकारिक पत्र

C) अनौपचारिक पत्र D) छुट्टी पत्र

4) इन्हें लिखा गया पत्र अनौपचारिक पत्र के अंतर्गत नहीं आता है ?

A) परिवार के सदस्य B) मित्र ( )

C) रिश्तेदार D) अधिकारी

5) इस गद्यांश में किसके बारे में बताया गया है ? ( )

A) समाचार B) भाषा C) पत्र लेखन D) कहानी

ऊ) पाठ के आधार पर वाक्यों को सही क्रम में लिखिए

1) सादर प्रणाम (1)

2) आपकी आज्ञाकारी छात्रा ( )

3) धन्यवाद ( )

4) छुट्टी देने की कृपा करें । ( )

5) मैं सातवीं कक्षा की छात्रा हूँ । ( )

AP SCERT

लिखिए :-



अ) दिए गए प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए ।

1) गीतिका ने किसको पत्र लिखा ? संबोधन और अभिवादन कैसे किया ?

2) छुट्टी पत्र का विषय क्या है ?

3) इस पत्र में प्रेषक कौन है ? उसके बारे में लिखिए ?

4) छुट्टी पत्र लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

आ) आप अपनी बहन की शादी में जाना चाहते हैं । इस कारण से एक सप्ताह की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए ।

भाषांश :-



अ) चित्रों के सामने उनके नाम दिए गए हैं । उनमें से दो सही हैं । उन पर गोला "○" लगाइए ।

1)		(चिट्ठी)	डाक घर	(पत्र)
2)		गुरू	शिक्षक	डॉक्टर
3)		छात्र	छात्रा	विद्यार्थिनी
4)		पाठशाला	विद्यालय	अस्पताल
5)		दिन	प्रणाम	नमन

APSCERT

आ) अंत्याक्षरी :-



1) पाठशाला	-	लाभ	-	भवन	- नदी
2) दिन	-	.....	-	.....	- .....
3) प्रणाम	-	.....	-	.....	- .....
4) कृपा	-	.....	-	.....	- .....
5) उन्नत	-	.....	-	.....	- .....

इ) सही विलोम शब्द से रिक्त स्थान भरिए ।

1) अवकाश	×	.....	(छुट्टी / अनवकाश / विराम)
2) जाना	×	.....	(आना / रोना / दौडना)
3) सादर	×	.....	(निरादर / सम्मान / स्नेह)
4) दिन	×	.....	(रात / सुबह / प्रातः)
5) नहीं	×	.....	(निषेध / नकारना / हाँ)

ई) बेमेल शब्द पर गोला "○" लगाइए ।


1) कक्षा	वर्ग	दर्जा	(मैदान)
2) अध्यापक	छात्र	शिक्षक	गुरु
3) पत्र	डाक टिकट	कम्बल	पिनकोड
4) कलम	दिल्ली	मुंबई	चेन्नई
5) विद्यालय	नदी	पाठशाला	गुरुकुल

AP SCERT

उ) वर्ण विच्छेद कीजिए ।

1) सरकारी	=	स्	अ	र्	अ	क्	आ	र्	ई	
2) आज्ञाकारी	=									
3) पाठशाला	=									
4) धन्यवाद	=									
5) ऐतिहासिक	=									

ऊ) चित्रों के आधार पर डिब्बों को सार्थक शब्दों से पूर्ति कीजिए ।




सृजनात्मकता :-



अ) पाठ के आधार पर नमूना पत्र के खाली जगहों को भरिए ।

(आज्ञाकारी छात्र, विषय, सेवा में, महोदय, धन्यवाद, स्थान, दिनांक)



APSCERT

परियोजना कार्य :-

विभिन्न प्रकार के पत्रों का संकलन करके कक्षा में प्रदर्शित कीजिए ।

व्याकरणांश :-

गीत सुनाइए :- **हिंदी अंकों का परिचय दीजीए ।**

एक सूरज सुबह आए,
दो पंछी गीत सुनाएँ,
तीन तितलियाँ उड़-उड़ जाएँ,
चार दिशाएँ राह दिखाएँ ।।
पाँच इंद्रिय हमें सिखाएँ,
छः अलग-अलग स्वाद,
सात दिन का एक सप्ताह,
आठ पहर करता पहरा ।।
नौ ग्रह टिम - टिमाएँ,
दस का दम सबको दिखाएँ ।।



AP SCERT

गिनती (1 से 20 तक)

1 - एक	6- छः	11 - ग्यारह	16 - सोलह
2 - दो	7 - सात	12 - बारह	17 - सत्रह
3 - तीन	8 - आठ	13 - तेरह	18 - अठारह
4 - चार	9 - नौ	14 - चौदह	19 - उन्नीस
5 - पाँच	10 - दस	15 - पंद्रह	20 - बीस

अ) अभ्यास कार्य :-

2	दो	12	.....
4	.....	14	.....
6	.....	16	.....
8	.....	18	.....
10	.....	20	.....



वाह ! क्या बात है?

5	2	2	0	2	0

डाक पिन कोड का मतलब

- पूरी दुनिया में अत्यंत सुव्यवस्थित डाक व्यवस्था वाले देशों में भारत भी एक है ।
- भारत में 1.5 लाख से ज्यादा पोस्ट ऑफिस हैं - ये दुनिया में सबसे ज्यादा हैं ।
- पिन कोड ने डाक व्यवस्था को तेज़, सुरक्षित और आसान बना दिया ।
- पिन कोड़ का अर्थ है - पोस्टल इंडेक्स नंबर कोड़ ।

पिन कोड	पहला अंक	पहले 2 अंक	पहले 3 अंक	अंतिम 3 अंक
6 अंक	क्षेत्र	उपक्षेत्र डाक वृत्त	जिला	डिलीवरी डाकघर

AP SCERT

N7D1X6

मैं कौन हूँ ?

7

सोचिए-बोलिए



लकड़ी मेरा शरीर है,
अंदर सीसा रहता है।
लिखने में आती काम
बताओ मैं कौन ?



मैं गोल-गोल घूमती,
हवा से चलती हूँ।
बच्चे मुझे उड़ाते हैं
बताओ मैं कौन ?

बातचीत के लिए :-

1) चित्रों में कौन - कौन हैं ?
2) पतंग किससे बाँधी जाती है ?
3) पतंग किस त्यौहार पर उड़ाई जाती है ?


सीखने की संप्राप्तियाँ :-

1) छात्र ऋतुओं (मौसम) में मिलने वाले फलों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे ।(CG-2)
2) छात्र आम के प्रकारों को जान सकेंगे । (CG-2)
3) छात्र नए शब्दों के अर्थ और पाठ के मुख्य बिंदुओं को समझ सकेंगे । (CG-1)
4) छात्र आत्म कथा विधा के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे । (CG-1)
5) छात्र प्रश्न बनाने की विधि को जान सकेंगे । (CG-3)

AP SCERT

मैं कौन हूँ ?


मैं एक फल हूँ । मेरा नाम 'आ' से शुरू होता है । मैं ऊँचे घने पेड़ पर लगता हूँ । मैं गर्मी के मौसम में आता हूँ । बताओ, मैं कौन हूँ?



1. यहाँ किस फल के बारे में बताया गया ?

मेरे पत्ते हरे और चिकने होते हैं । पीछे कुछ गोल और आगे से नुकीले होते हैं । उनकी लंबाई तुम्हारे डेढ़ बालिश्त जितनी तो होगी ही । बताओ तो, मैं कौन हूँ?

सर्दियाँ खत्म होते - होते मेरे वृक्ष के पत्ते झड़ने लगते हैं । पर सभी पत्ते नहीं झड़ते । फाल्गुन यानी मार्च में नए पत्ते आते हैं । एकदम चिकने और रंगदार । इन्हीं दिनों गुच्छेदार




2. आम के पत्ते कैसे होते हैं ?

AP SCERT

फूल भी आते हैं, जिन्हें 'बौर' कहते हैं। कई लोग बौर की चटनी बनाते हैं। चटनी बड़ी चटपटी होती हैं। अब पहचान गए क्या ? फिर बताओ, मैं कौन हूँ ?






जब तुम मुझे कच्चा खाते हो, मैं खट्टा लगता हूँ। ज्येष्ठ यानी जून आते - आते पकने लगता हूँ। इस समय पक्षी मुझे खाने की ताक में रहते हैं, खासकर तोते। बाग के रखवाले गुलेल मारकर उन्हें उड़ाते हैं।



तुम्हारा भी तो मन ललचाता है न मुझे देखकर ? कई लोग कच्चा तोड़ लेते हैं और पाल लगाकर पकाते हैं। पर डाल के पके की बात ही कुछ और है। अहा! कितना मीठा होता हूँ मैं।


फल खाकर लोग मेरी गुठली फेंक देते हैं। कई गुठलियाँ ज़मीन में पड़ी - पड़ी उग आती हैं। बच्चे उसे उखाड़कर, पत्थर पर घिसकर बाजा बना लेते हैं। इस बाजे को 'पपीहा' कहते हैं। क्या तुमने यह बाजा बनाकर और बजाकर देखा है ?



मेरी कई किस्में होती हैं। इनमें से दशहरी, लँगड़ा, सफ़ेदा, तोतापरी और नीलमपरी आदि खास मानी जाती हैं। मेरी कुछ किस्में चूसकर भी खाई जाती हैं। मुझे चूसकर खाने में बड़ा मज़ा आता है। अब तो तुम मुझे पहचान ही गए होगे।

चूस चूस खाओ
चाहे काट - काट आम
आमों के आम हैं
गुठलियों के दाम।

3. आम की गुठली से बच्चे क्या बनाते हैं?



© NCERT

शब्दार्थ :-

चिकने पत्ते	=	मुलायम पत्ते	=	Smooth leaves	=	మృదువైన ఆకులు
बौर	=	आम की मंजरी	=	Mango blossom	=	మామిడి పూత
चटपटी	=	तीखी	=	Spicy & tangy	=	రుచికరమైన/ పులుపు-కారంగా
कच्चा	=	अपरिपक्व	=	Raw	=	పచ్చి
पकना	=	परिपक्व होना	=	To ripen	=	పండటం
गुठली	=	बीज	=	Seed	=	టెంకి
बाजा	=	वाद्य	=	Musical toy	=	వాయిద్యం
किस्में	=	प्रकार	=	Varieties	=	రకాలు
चूसना	=	चाटकर खाना	=	To suck and eat	=	చీకుట
मौसम	=	ऋतु	=	Season	=	ఋతువు
बालिश्त	=	हाथ के फैलाव का माप	=	Hand Span	=	చేతికొలత (సుమారు 9 అంగుళాలు)
पाल	=	कच्चे आम को पकाने की प्रक्रिया	=	Ripening process	=	పచ్చిమామిడిని పండించే విధానం

श्रुतलेख :-

खट्टा	बालिश्त	चूसकर	गुठलियाँ	गुच्छेदार
सर्दियाँ	कच्चा	पपीहा	ललचाकर	नीलमपरी

AP SCERT

सारांश

इस पाठ में आम के बारे में बताया गया है । आम गर्मी के मौसम में आता है और ऊँचे पेड़ पर लगता है । इसके पत्ते हरे और चिकने होते हैं । सर्दियों के बाद पेड़ पर नए पत्ते और छोटे - छोटे फूल (बौर) आते हैं । कच्चा आम खट्टा और पका आम मीठा होता है । उसकी गुठली से नया पौधा भी उग आता है । बच्चों को आम की गुठली से पपीहा नाम का बाजा बनाना अच्छा लगता है । आम की कई किस्में होती हैं, जैसे : दशहरी, लँगड़ा, तोतापरी आदि ।

सुनिए - बोलिए :-





1) आम के नये पत्ते कब आने लगते हैं ?
2) आम के पत्ते कैसे होते हैं ?
3) आम के फल खाने की ताक में कौन रहते हैं ?

पढ़िए :-



अ) पाठ के आधार पर सही वाक्य पर नक्षत्र (★) लगाइए ।

1) मैं गर्मी के मौसम में आता हूँ । (★)
2) मेरे पत्ते पीले और नाजुक होते हैं । ( )
3) ज्येष्ठ यानी जून आते-आते पकने लगता हूँ । ( )
4) कई गुठलियाँ ज़मीन में पड़ी-पड़ी उग आती हैं । ( )
5) मेरी कई किस्में होती हैं । ( )

आ) पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरिए ।

1) मैं एक ..... हूँ ।
2) मेरे पत्ते ..... होते हैं ।
3) मार्च में नए ..... आते हैं ।
4) इस समय ..... मुझे खाने की ताक में रहते हैं ।
5) इस बाजे को ..... कहते हैं ।

इ) "म" और "ु" मात्रा से प्रारंभ होनेवाले शब्दों को पाठ से खोजकर लिखिए।

'म' से शुरू होनेवाले शब्द	'ु' मात्रा से शुरू होनेवाले शब्द
उदा :- मौसम	**उदा :-** सुगंध
1.	1. .....
2.	2. .....
3.	3. .....
4.	4. .....
5.	5. .....

AP SCERT

ई) समान उच्चारण वाले शब्द पर (✓) चिह्न लगाइए ।

1) पेड़	-	डेढ़	(✓)	पत्ता	( )	ऋतु	( )
2) गुच्छा	-	प्रहरी	( )	अच्छा	( )	जातियाँ	( )
3) गुठली	-	घनिष्ठ	( )	तीखा	( )	पुतली	( )
4) बाजा	-	राजा	( )	रंगीन	( )	मधुर	( )
5) कच्चा	-	काच	( )	बच्चा	( )	जनान	( )

उ) गद्यांश को पढ़कर विकल्पों में से सही उत्तर पहचान कर लिखिए ।

सेब एक मीठा फल है । यह लाल, पीला वहरे रंगों में मिलता है । इसकी खेती ठंडे पहाड़ी क्षेत्रों में की जाती है । जैसे - जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड आदि। सेब में पानी, विटामिन-C, फाइबर और अन्य पोषक तत्व होते हैं । कहावत है कि ''हर दिन एक सेब खाओ, डॉक्टर से दूर रहो ।''



प्रश्न :-

1) सेब किन रंगों में मिलता है ? ( )

A) लाल, सफ़ेद व हरा B) लाल, काला व सफ़ेद

C) लाल, पीला व हरा D) पीला, हरा व सफ़ेद

2) सेब में कौन-सा विटामिन पाया जाता है ? ( )

A) विटामिन - B B) विटामिन - C

C) विटामिन - A D) विटामिन - D

3) सेब की खेती किन क्षेत्रों में की जाती है ? ( )

A) तटीय क्षेत्र B) ठंडे पहाड़ी क्षेत्र

C) मैदानी क्षेत्र D) रेगिस्तान

4) हर दिन एक सेब खाने से किससे दूर रह सकते हैं ? ( )

A) ड्रायवर से B) बढ़ई से C) किसान से D) डॉक्टर से

5) इस गद्यांश में किसके बारे में बताया गया है ? ( )

A) आम के B) अनार के C) सेब के D) केले के

AP SCERT

ऊ) पाठ के आधार पर नीचे दिए गए वाक्यों का सही क्रम दीजिए।

1) मेरे पत्ते हरे और चिकने होते हैं ।	( )
2) मेरी कई किस्में होती हैं ।	( )
3) मैं एक फल हूँ । मेरा नाम 'आ' से शुरू होता है ।	(1)
4) क्या तुमने यह बाजा बनाकर और बजाकर देखा है ?	( )
5) मैं गर्मी के मौसम में आता हूँ ।	( )

लिखिए :-



अ) दिए गए प्रश्नों के उत्तर तीन - चार वाक्यों में लिखिए ।

1) आम के कितनी किस्में हैं ? उनके नाम लिखिए ।
2) आम के बौर से क्या बनाते हैं ? वह कैसी होती है ?
3) लोग आम की गुठली का उपयोग कैसे करते हैं ?
4) हमें मौसमी फल क्यों खाने चाहिए ?

आ) "मैं कौन हूँ ?" पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

भाषांश :-




अ) चित्रों के सामने नाम दिए गए हैं, उनमें दो सही है, उन पर गोला "○" लगाइए।

1)		(आम)	गेंद	(रसाल)
2)		चम्मच	पेड़	वृक्ष
3)		पर्ण	जूता	पत्ता
4)		मछली	तोता	सुग्गा
5)		फूल	कुसुम	कप

AP SCERT

आ) अंत्याक्षरी :-



1) गोल	-	लगन	-	नरम	-	मन
2) बाजा	-	.....	-	.....	-	.....
3) बौर	-	.....	-	.....	-	.....
4) गुठली	-	.....	-	.....	-	.....
5) तोता	-	.....	-	.....	-	.....

इ) सही विलोम शब्द से रिक्त स्थान भरिए ।

1) खट्टा	×	.....	(मीठा / कच्चा / पका)
2) खुशी	×	.....	(आनंद / ग़म / उल्लास)
3) गर्मी	×	.....	(धूप / बरसात / सर्दी)
4) नया	×	.....	(छोटा / पुराना / भारी)
5) दिन	×	.....	(शाम / भोर / रात)

ई) बेमेल शब्द पर गोला "○" लगाइए ।


1) आलू	टमाटर	प्याज	(आम)
2) दूध	मक्का	गेहूँ	चावल
3) मेंढ़क	शेर	केकड़ा	कछुआ
4) पंखा	मेज	हाथी	कुर्सी
5) बरतन	सोना	चाँदी	तांबा

AP SCERT

उ) वर्ण विच्छेद कीजिए ।

1. गुच्छेदार	=	ग्	उ	च्	छ्	ए	द्	आ	र्	अ
2. तोतापरी	=								
3. गुठली	=								
4. मौसम	=								
5. चटपटी	=								

ऊ) चित्रों के आधार पर डिब्बों को सार्थक शब्दों से पूर्ती कीजिए ।



सृजनात्मकता :-



आम के पेड़ का चित्र खींचकर दो वाक्य लिखिए ।

परियोजना कार्य :-

कच्चे और पके आम से क्या-क्या व्यंजन बनाए जाते हैं ? तालिका में लिखकर कक्षा में प्रदर्शित कीजिए ।

अनुवाद :- मातृभाषा में अनुवाद कीजिए ।

1) बच्चा हँसता है । .....
2) मुझे पढ़ना अच्छा लगता है । .....
3) यह मेरा घर है । .....
4) सूरज पूरब में उगता है । .....
5) मैं सच बोलता हूँ । .....

ABSCERT

व्याकरणांश :-



अ) कौन, क्या, कब, कहाँ, कैसे शब्दों का वाक्य प्रयोग कीजिए ।

"कौन" का प्रयोग :-

उदा :- आम ..... तोड़ रहा है ?

1. पेड़ के नीचे ..... बैठा है ?
2. बगीचे में गाना ..... गा रहा है ?
3. मैदान में ..... खेलते हैं ?



"क्या" का प्रयोग :-

उदा :- यह क्या है ?

1. राजू ..... खाता है ?
2. रमा किताब में ..... ढूँढती है ?
3. बौर माने ..... है ?



"कब" का प्रयोग :-

उदा :- तुम कब आओगे ?

1. हम स्वतंत्रता दिवस ..... मनाते हैं ?
2. सूरज ..... उगता है ?
3. सुरेश गाँव से ..... आता है ?



"कहाँ" का प्रयोग :-

उदा :- स्कूल कहाँ है ?

1. यह रास्ता ..... जाता है ?
2. श्रीहरिकोटा ..... स्थित है ?
3. पतंग उड़ते-उड़ते ..... गिरा ?



AP SCERT

"कैसे" का प्रयोग :-

उदा :- तुम कैसे हो ?

1. आम ..... पकते हैं ?
2. गुठली से पौधे ..... उगते हैं ?
3. पपीहा बाजा ..... बनता है ?



समूह गतिविधि



अध्यापक के लिए सूचनाएँ:-

- बच्चों को 4-5 के समूहों में बाँटें - शिक्षक एक - एक संकेत बताएँ।
- मैं एक फल हूँ। - गर्मी में आता हूँ।
- हर समूह आपस में बात करके उत्तर बताएँ ।



वाह ! क्या बात है?



हरमनप्रीत कौर


हरमनप्रीत कौर भारत की मशहूर महिला क्रिकेटर हैं । इनका जन्म पंजाब के मोगा गाँव में हुआ । महिला टीम में शतक लगानेवाली पहली महिला क्रिकेटर हैं । इन्हें 'अर्जुन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया । इनके नेतृत्व में पहली बार महिला क्रिकेट टीम ने टी-20 और एक दिवसीय विश्व कप जीती ।

APSCERT

रंग भरिए



दिए गए चित्र में मनचाहे रंग भरिए :-



AP SCERT

MIND MAP - VII





शैक्षिक लक्ष्य

CG-1 सुनना-बोलना

CG-1.1 वार्तालापों को संदर्भ के अनुरूप प्रासंगिक बनाता है।
- कविता/गीत के बारे में वार्तालाप कर सकें।
- विषय-वस्तु पर बातचीत कर सकें।
- दैनिक जीवन से जुड़े प्रसंगों में सार्थक वार्तालाप कर सकें।



CG-1.2 विभिन्न प्रकार के पाठ सुनता है और सामग्री के मुख्य विचारों का सारांश प्रस्तुत करता है।
- कविता/कहानी को सुनकर समझ सकें।
- कविता/कहानी के भाव अपने शब्दों में बता सकें।
- सुने गए पाठ से मुख्य विचार और बिंदुओं की पहचान कर सकें।



CG-1.3 मौखिक प्रस्तुतियाँ देता है।
- कक्षा में किसी विषय पर चर्चा कर सकें।
- स्वागत भाषण दे सकें।
- विषय वस्तु को क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत कर सकें।



CG-2 समझ के साथ पढ़ना

CG-2.1 कहानियों और अनुच्छेदों को सटीकता और प्रवाह के साथ, उचित विराम और स्वर-लहर के साथ पढ़ता है।
- छात्र शब्दों का शुद्ध उच्चारण कर सकें।
- पढ़ते समय विराम चिह्नों (।, ?, !) का सही ध्यान रख सकें।
- वाक्य को उचित गति और लय के साथ पढ़ सकें।



CG-2.2 कहानियों, कविताओं, संवादों, पोस्टरों, और निर्देशों का अर्थ तथा पाठ का मुख्य विचार समझता है।
- विद्यार्थी कहानी /कविता संवाद को पढ़कर उसका सामान्य अर्थ समझ सकें।
- पाठ का मुख्य विचार पहचानकर बता सकें।
- कहानी की मुख्य घटनाओं को क्रम में बता सकें।



CG-3 अभिव्यक्ति के लिए लिखना

CG-3.1 अपनी समझ और अनुभवों के व्यक्त करने के लिए एक अनुच्छेद लिखें।
- विद्यार्थी किसी विषय पर सार्थक और क्रमबद्ध अनुच्छेद लिख सकें।
- अपने अनुभव, विचार और भावनाएँ स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकें।
- लिखते समय सही शब्दों का चयन कर सकें।
- सरल और शुद्ध व्याकरण का प्रयोग कर सकें।
- उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग कर सकें।







© NCERT